http://amritkalashtimes.com

# अमृत कलश टाइम्स

वर्ष : 18
अंक : 17

प्रयागराज मंगलवार 01 अक्टूबर 2024

पृष्ठः- 4, मूल्यः- एक रुपया

## प्रधानमंत्री ने मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब फाल्के पुरस्कार के लिये दी बधाई

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब फाल्के पुरस्कार दिये जाने को लेकर उन्हें बधाई दी है। मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार 08 अक्टूबर 2024 को 70वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड सेरेमनी के दौरान प्रेजेंट किया जाएगा।केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब फाल्के पुरस्कार दिए जाने का ऐलान किया है।केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर लिखा, मिथुन दा की सिनेमाई जर्नी ने हर जेनरेशन को इंस्पायर किया है। मैं ये ऐलान करते हुए सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि दादा साहेब फाल्के सेलेक्शन जूरी ने मिथुन चक्रवर्ती को इंडियन सिनेमा में उनके अहम योगदान के लिए सम्मानित करने का फैसला किया है। मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के फैसले का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वागत किया है। पीएम मोदी ने ट्वीट किया, मुझे खुशी है कि श्री मिथुन चक्रवर्ती जी को भारतीय सिनेमा में उनके अद्वितीय योगदान को मान्यता देते हुए प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वह एक सांस्कृतिक प्रतीक हैं, जो अपने बहुमुखी प्रदर्शन के लिए पीढ़ियों से प्रशंसित हैं। उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं।पीएम नरेंद्र मोद ने पोस्ट साझा कर लिखा है, श्मुझे खुशी है कि मिथुन चक्रवर्ती को भारतीय सिनेमा में उनके अद्वितीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया हैश। आगे लिखा है, श्वे सांस्कृतिक प्रतीक हैं, जिन्हें उनकी बहुमुखी प्रस्तुतियों के लिए पीढ़ियों से सराहा जाता रहा है। उन्हें बधाई और शुभकामनाएंश। वहीं अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती भी इस मौके पर काफी भावुक नजर आए। न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में एक्टर ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए कहा, श्कभी सोचा नहीं था, मेरे पास शब्द नहीं हैंश। मिथुन चक्रवर्ती ने कहा, श्मैं सच बोलूं तो मेरे पास कोई भाषा ही नही है। न मैं हंस सकता हूं और न ही खुशी से रो सकता हूं। ये इतनी बड़ी चीज है, कैसे बताऊं। मैं कोलकाता की जिस जगह से आया हूं, फुटपाथ से उठकर यहां तक आया, उस लड़के को इतना बड़ा सम्मान मैं सोच भी नहीं सकताश।




कांग्रेस पर गरजे यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, कहा...

# राम और रोम में बहुत अंतर




**● कांग्रेस ने तुष्टीकरण की हदें पार की, विकास के नाम अपने परिवार को आगे बढ़ायाः सीएम**

चंडीगढ़,(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो संकट के समय आपके साथ खड़ा नहीं होता उसको चुनने की गलती मत करना। आतंकवाद, उग्रवाद, नक्सलवाद, भ्रष्टाचार की जनक कांग्रेस है। कांग्रेस और माफिया एक दूसरे के पर्याय बन गए हैं। हांसी में भाजपा प्रत्याशी के लिए रैली को संबोधित करने पहुंचे यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुझे यहां आते ही राम दरबार के दर्शन हो गए लेकिन कोई रावण की वेशभूषा में नजर नहीं आया। लगता है कि आपने तय कर लिया कि रावण, कुंभकर्ण, मेघनाद की वेशभूषा में केवल कांग्रेस के लोगों को रहना चाहिए। योगी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में कांग्रेस ने बाधा खड़ी की। जब पूरी दुनिया प्रफुल्लित है। कांग्रेस का एक बदनसीब नेता आज भी इसको अच्छा नहीं मानते, घडिघ्याली आंसू बहा रहे हैं। जिनको अपने धर्म –संस्कृति को लेकर को लेकर गौरव की अनुभूति न होती हो ,दुर्भाग्य से उन लोगों के हाथों में सत्ता चली गई। उन्होंने कहा कि जो काम 500 साल से अटका था। कांग्रेस जो 60 साल में नहीं कर सकी उसे भाजपा ने 2 साल में पूरा कर रामलाल को विराजमान करा दिया। राम की संस्कृति को कोसने वाला वही व्यक्ति होगा जो रोम की संस्कृति को मानता होगा। रोम की संस्कृति को मानने वाले वाला ही राम की संस्कृति को अपमानित कर रहे हैं। जो राम का नहीं वह हमारे किसी काम का नहीं। राम तो भारत राष्ट्र के प्रतीक हैं। संविधान की मूल प्रति में पुष्पक विमान में राम, लक्ष्मण,सीता का अयोध्या आगमन का चित्र आज भी बना हुआ है। महात्मा गांधी ने कहा था कि भारत में सुशासन की व्यवस्था का आधार राम राज्य हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम राज्य लाने का काम कर रहे हैं। कोरोना में भाजपा ने की सेवा कोरोना के समय राहुल गांधी कहीं नहीं दिखे। पीएम नरेंद्र मोदी के निर्देश पर भाजपा के कार्यकर्ता अपनी जान की परवाह किए बिना जनता की सेवा कर रहे थे। देश के संकट के समय राहुल गांधी को 140 करोड़ भारतीय नहीं इटली की नानी याद आती है। जो संकट के समय आपके साथ खड़ा नहीं होता उसको चुनने की गलती मत करना।

## कांग्रेस बोली- 2014-2024 में बढ़ी बेरोजगारी

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। रिपोर्ट में पेश किए गए तथ्य का हवाला देते हुए कांग्रेस ने दावा किया कि मौजूदा सत्ताधारी सरकार ने महिलाओं द्वारा किए गए अवैतनिक घरेलू काम को रोजगार के बराबर माना है, जो कोई नया रोजगार सृजन नहीं है। दावा किया गया रोजगार वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा महिलाओं द्वारा किए गए अवैतनिक घरेलू काम को रोजगार के रूप में दर्ज करना है। यह नई नौकरी का सृजन नहीं है। कांग्रेस ने रोजगार सृजन डेटा पर सरकार के दावों पर सवाल उठाया और कहा कि कोई भी स्पिन डॉक्टरिंग इस तथ्य से इनकार नहीं कर सकती है कि 2014–2024 में नौकरियों के आभाव में वृद्ध देखी गई। संदर्भ जुलाई में जारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) केएलईएमएस (पूंजी, श्रम, ऊर्जा, सामग्री और सेवाओं के लिए संक्षिप्त नाम) डेटा रिपोर्ट का हवाला दिया जा रहा है। इसमें कहा गया था कि पिछले तीन–चार में लगभग 80 करोड़ नई नौकरियां पैदा हुईं। यहां तक घ्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी व्यापक बेरोजगारी के विपक्ष के दावों को खारिज करते हुए उसी रिपोर्ट का हवाला दिया था। रिपोर्ट में पेश किए गए तथ्य का हवाला देते हुए कांग्रेस ने दावा किया कि मौजूदा सत्ताधारी सरकार ने महिलाओं द्वारा किए गए अवैतनिक घरेलू काम को रोजगार के बराबर माना है, जो कोई नया रोजगार सृजन नहीं है।




## अमित शाह का ऐलान, शीतकालीन सत्र में पारित होगा वक्फ बिल, विरोध करने वाले सीधे हो जाएंगे

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। गृह मंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड का कानून बहुत सारी समस्याएं पैदा कर रहा है ना? इस शीतकालीन सत्र में हम सुधार कर इसे दुरुस्त कर देंगे। वक्फ बिल पर बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा कि देश के मुसलमान इस बिल का स्वागत करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस साल के अंत में शीतकालीन सत्र के दौरान वक्फ संशोधन विधेयक पारित करने की कसम खाई। हरियाणा में एक चुनावी सभा के दौरान शाह ने कहा कि कानून बनने के बाद इसका विरोध करने वाले लोग सीधे हो जाएंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आपको वक्फ बोर्ड पर मौजूदा कानून से समस्या है। हम संसद के शीतकालीन सत्र में इसमें संशोधन करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले महीने कई विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया था कि केंद्र के वक्फ विधेयक का उद्देश्य समाज में विभाजन पैदा करना है। गृह मंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड का कानून बहुत सारी समस्याएं पैदा कर रहा है ना? इस शीतकालीन सत्र में हम सुधार कर इसे दुरुस्त कर देंगे। वक्फ बिल पर बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने कहा कि देश के मुसलमान इस बिल का स्वागत करेंगे। मुसलमानों की लंबे समय से मांग थी कि वक्फ कानून में संशोधन किया जाए क्योंकि वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्य मौजूदा बिल का इस्तेमाल कर लूट कर रहे हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस ने इसका इस्तेमाल वोट बैंक की राजनीति के लिए किया। जमाल सिद्दीकी ने कहा कि अब उम्मीद है कि सभी को फायदा होगा। आप ओवेसी और मदनी साहब का दर्द और मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्यों का दर्द देख सकते हैं जिन्होंने वक्फ संपत्तियों को लूटा है। वे चाहते हैं कि यह बिल न आए ताकि उन्हें ये संपत्तियां न गंवानी पड़े। उन्होंने कहा कि मुझे बताया गया है कि उन्होंने पाकिस्तान में बैठे अपने लोगों से इस बिल को लेकर (भारत सरकार को) ईमेल करवाया है।श जिस तरह से वे हमारे आंतरिक मामलों को देश के बाहर ले जाकर देश को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, इस पर मैंने पीएम को पत्र लिखकर इसकी जांच कराने को कहा है।अमित शाह ने लिया था खरगे को आड़े हाथ दरअसल, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के श्प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटाए बिना मरने वाला नहीं हूंश बयान पर सियासी विवाद गहरा गया है। अमित शाह ने कहा था कि कांग्रेस अध्यक्ष ने अरुचिकर और अपमानजनक व्यवहार करके खुद अपने नेताओं और अपनी पार्टी को पीछे छोड़ दिया है।




## महाप्रबंधक कोर को उत्तर रेलवे का अतिरिक्त प्रभार

**धीरज द्विवेदी**

प्रयागराज। महाप्रबंधक रेलवे विद्युतीयकरण अशोक कुमार वर्मा उत्तर रेलवे महाप्रबंधक का भी कार्यभार देखेंगे। भारतीय रेलवे स्टोर्स सेवा के अधिकारी श्री वर्मा, 1987 बैच के अधिकारी हैं और रेलवे में कई अहम पदों पर अपनी सेवा दे चुके हैं। कोर में महाप्रबन्धक का कार्यभार ग्रहण करने से पहले वर्मा उत्तर पश्चिम रेलवे में प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक के पद पर कार्यरत थे। उन्हें स्टोर्स से जुड़े मुद्दों में अपने विशाल अनुभव के अलावा, सामान्य प्रशासन का भी एक वृहद अनुभव रहा है। वर्मा, ने दक्षिण पश्चिम रेलवे के बेंगलूरु मंडल के मंडल रेल प्रबंधक तथा झांसी मंडल में बतौर अपर मंडल रेल प्रबंधक के पद पर कार्य किया है। वे पूर्व में रेलवे बोर्ड में रेलवे स्टोर के कार्यकारी निदेशक के पद पर भी कार्यरत थे। इन्होंने मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज से सिविल इंजीनियरिंग और आईआईएम कोलकाता से एमबीए की डिग्री ली है।



## जमीनी मुद्दों पर जीतेंगे चुनाव : राहुल

**● राहुल गांधी ने बेरोजगारी पर भाजपा को घेरा, अग्निवीर योजना को भी दिखेगा असर**




नई दिल्ली,(एजेंसी)। राहुल गांधी ने हरियाणा की अपनी विजय संकल्प यात्रा के दौरान अग्निवीर योजना पर सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना सेना के जवानों की पेंशन चोरी करने का तरीका है। पेंशन के मुद्दे पर पहले ही सरकार कटघरे में है। भाजपा हरियाणा चुनाव को पूरी तरह भावनात्मक मुद्दों के इर्द–गिर्द मोड़ने की कोशिश कर रही है। भाजपा के शीर्ष नेताओं से लेकर निचले स्तर तक के नेता धारा 370, राम मंदिर, वक्फ बोर्ड कानून में बदलाव, एक देश एक चुनाव और जनसंख्या नियंत्रण जैसे मुद्दों पर जनता को आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन बेहद कांटे की लड़ाई वाले इस चुनाव में सोमवार को राहुल गांधी ने रोड शो कर कांग्रेस के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने केंद्र–राज्य सरकार को बेरोजगारी के मुद्दे पर घेरा। नौकरियों में कमी के लिए उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। इसके पहले के दौरे में भी राहुल गांधी ने हरियाणा के युवाओं के डंकी रूट पर जाने को लेकर बयान दिया था जिस पर खूब चर्चा हुई थी। इससे हरियाणा के युवाओं के बीच बेरोजगारी एक बार फिर बड़ा मुद्दा बनकर उभर सकता है। राहुल गांधी ने हरियाणा की अपनी विजय संकल्प यात्रा के दौरान अग्निवीर योजना पर सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना सेना के जवानों की पेंशन चोरी करने का तरीका है। पेंशन के मुद्दे पर पहले ही सरकार कटघरे में है। यदि कांग्रेस इस मुद्दे को निचले स्तर तक पहुंचाने में सफल रहती है तो युवाओं पर इसका अच्छा असर हो सकता है जो अग्निवीर योजना को अपनी सेना की नौकरी में जाने के अवसर को सीमित करने वाले प्रयास की तरह देख रहे हैं। दरअसल, कांग्रेस यह समझ रही है कि यदि चुनाव भावनात्मक मुद्दों की तरफ मुद्दे तो उसे इसका नुकसान हो सकता है। इसे देखते हुए पार्टी ने अपने सबसे लोकप्रिय नेता राहुल गांधी को चुनाव के बेहद अहम क्षणों में उतारकर लोगों को मूल मुद्दों से जोड़कर रखने की रणनीति अपनाई है। हरियाणा में पांच अक्टूबर को मतदान से ठीक पहले इन मुद्दों पर जोर देना बताता है कि वह इन्हीं जमीनी मुद्दों पर जनता से समर्थन की उम्मीद कर रही है। जमीनी मुद्दों पर जीतेंगे चुनावरू कांग्रेस कांग्रेस नेता ऋतु चौधरी ने अमर उजाला से कहा कि भाजपा धर्म के मुद्दे उठाकर लोगों को गुमराह करने का काम करती है लेकिन हमने उसे उन्हीं मुद्दों पर घेरने का काम किया है।

## आतिशी ने पीडब्ल्यूडी की सभी सड़कों की मरम्मत करने के निर्देश दिए

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की सभी सड़कों की मरम्मत करने का काम जल्द से जल्द और युद्धस्तर पर करने के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। सुश्री आतिशी ने सोमवार सुबह यहाँ एनएसआईसी ओखला, मोदी मिल फ्लाइओवर, चिराग दिल्ली, तुगलकाबाद विस्तार, मथुरा रोड, आश्रम चौक और आश्रम अंडरपास की सड़कों का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि सड़कें जर्जर हालत में है। कई स्थानों पर पाइपलाइन या बिजली की तारें डालने के लिए सड़कें काटी गई लेकिन उनकी मरम्मत नहीं की गयी। सड़कों पर जगह–जगह गड्ढे है। उन्होंने अधिकारियों की निर्देश दिया कि इन सभी सड़कों की मरम्मत करने का काम जल्द से जल्द और युद्धस्तर पर किया जाए ताकि लोगों को बेहतर सड़कें मिल सकें। उन्होंने एक्स पर कहा, " दिल्ली में पीडब्ल्यूडी की सभी सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने की दिशा में आज सुबह से दिल्ली सरकार का पूरा कैबिनेट ग्राउंड जीरो पर उतरकर सड़कों का निरीक्षण किया है। अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में हमारा प्रयास है कि दीपावली तक सभी दिल्लीवालों को गड्ढामुक्त सड़कें मिले। " मुख्यमंत्री ने कहा कि दो दिन तक लगातार आम आदमी पार्टी के मुखिया एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ उन्होंने यहाँ के अलग–अलग हिस्सों में सड़कों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया कि दिल्ली की सड़कें बुरी हालत में है और जगह–जगह से टूटी हुई है।

सुश्री आतिशी ने कहा कि बतौर मुख्यमंत्री उन्होंने दक्षिणी दिल्ली और दक्षिण–पूर्वी दिल्ली की जिम्मेदारी ली है।



## शाह के सवाल उठाने पर खरगे का पलटवार, कहा- मणिपुर, जातिगत जनगणना जैसे मुद्दों...

नई दिल्ली,(एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष ने रविवार को तबियत बिगड़ने पर कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटाने से पहले वह मरेंगे नहीं। इस बयान पर सियासी विवाद गहरा गया है। इस पर शाह ने हमला बोला था, जिस पर अब खरगे ने पलटवार किया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बीच जुबानी जंग छिड़ गई है। पहले शाह ने खरगे को पीएम मोदी के खिलाफ बयानबाजी करने को लेकर घेरा। वहीं अब खरगे ने पलटवार किया है। मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक अखबार की रिपोर्ट को साझा करके अमित शाह पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री को मणिपुर, सेंसस और जातिगत जनगणना जैसे गंभीर मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, श्आपकी सरकार का ही सर्वे कहता है कि शहरी सीवरों, सेप्टिक टैंकों की सफाई करने वाले 92 फीसदी कर्मचारी एससी, एसटी, ओबीसी वर्गों से आते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, श्भाजपा जातिगत जनगणना के विरोध में इसलिए है क्योंकि तब पता चल जाएगा कि एससी, एसटी, ओबीसी, ईघ्डब्ल्यूएस व सभी वर्ग कौन–कौन से कार्यों से अपना जीवन–यापन कर रहें हैं। उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति क्या है? उनको किस तरह की सरकारी योजनाओं का लक्षित लाभ मिलना चाहिए। कांग्रेस पार्टी जातिगत जनगणना करवाने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ है। हम ये करवाकर ही रहेंगे।श अमित शाह ने लिया था खरगे को आड़े हाथ दरअसल, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के श्प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटाए बिना मरने वाला नहीं हूंश बयान पर सियासी विवाद गहरा गया है। अमित शाह ने कहा था कि कांग्रेस अध्यक्ष ने अरुचिकर और अपमानजनक व्यवहार करके खुद अपने नेताओं और अपनी पार्टी को पीछे छोड़ दिया है। भाजपा नेता अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा था, श्कल कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने भाषण में अपमानजनक बातें कहकर खुद अपने नेताओं और अपनी पार्टी को पीछे छोड़ दिया है। अपनी कटुता का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने बेवजह प्रधानमंत्री को अपने निजी स्वास्थ्य मामलों में यह कहकर घसीटा कि वह पीएम मोदी को सत्ता से हटाने के बाद ही मरेंगे।श पीएम मोदी से कितनी नफरत... उन्होंने कहा था, श्इससे पता चलता है कि कांग्रेस के लोगों को पीएम मोदी से कितनी नफरत और डर है।

कि वे लगातार उनके बारे में सोचते रहते हैं। जहा तक खरगे के स्वास्थ्य की बात है पीएम मोदी, मैं और हम सभी प्रार्थना करते हैं कि वे लंबे समय तक स्वस्थ रहें। वे कई वर्षों तक जीवित रहें।



# नया गठबंधन

नेपाल में पिछले तीन–चार दिनों में जो राजनीतिक घटनाक्रम हुए उनके नतीजे सोमवार की आधी रात को सामने आए। इस नाटकीय घटनाक्रम में सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार में शामिल कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल) ने नेपाली कांग्रेस के साथ नया गठबंधन बनाने को लेकर समझौता कर लिया। समझौते के तहत कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली और नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेरबहादुर देउबा बारी–बारी से सरकार का नेतृत्व करेंगे। इन दोनों नेताओं ने सरकार बनाने के संबंध में अर्धरात्रि को जो समझौता किया इससे जाहिर होता है कि वे दिन के उजाले में नेपाल की समकालीन राजनीति के साथ फरेब वाला समझौता करने से भयभीत थे।देश की दो बड़ी राजनीतिक पार्टियां और उनके दो कद्दावर नेताओं ने नई गठबंधन सरकार बनाने को लेकर जिस तरह का निर्णय लिया वह नेपाल की लोकतांत्रिक राजनीति को ढलान की ओर ले जाता है। संविधान और लोकतंत्र के नाम पर किए गए इस राजनीतिक समझौते से देश का राजनीतिक भविष्य एक बार फिर अनिश्चितता की ओर बढ़ रहा है।

समझौते के मुताबिक, पहले ओली डेढ़ साल के लिए प्रधानमंत्री का पद संभालेंगे और उसके बाद देउबा के लिए अपना पद छोड़ेंगे। लेकिन नेपाल के राजनीतिक उतार–चढ़ाव को देखकर कहना मुश्किल है कि ओली समझौते के मुताबिक अपने वादे को निभाएंगे।ओली और देउबा के बीच में सत्ता के लिए जो समझौता हुआ है, वह कितने दिन तक चल पाएगा अभी से कहना मुश्किल है क्योंकि दोनों नेता जिन दलों का प्रतिनिधित्व करते हैं, वे वैचारिक रूप से धुर विरोधी हैं। इसलिए कहा जाना चाहिए कि कपड़ों की तरह गठबंधन का सहयोगी बदलने के पीछे कोई सिद्धांत नहीं, बल्कि सत्ता की चाह काम करती है।

हालांकि सत्ता के इस उलटफेर के भी कुछ सकारात्मक संदेश हैं।नेपाली संसद की कुल 275 सीटों में से 88 नेपाली कांग्रेस और 79 सीटें कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल) के पास हैं। मात्र 32 सीटें वाली कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी सेंटर) के नेता प्रचंड जोड़–तोड़ करके प्रधानमंत्री बन जाते हैं। ओली और देउबा के समझौते से इस तरह की प्रवृत्ति को धक्का पहुंचा है। इसे नेपाली राजनीति के लिए शुभ कहा जाना चाहिए।

## आज का राशिफल



डॉ बिपिन पाण्डेय
ज्योतिष विभाग
लखनऊ विवि

मेष–आज मन खुश रहेगा व जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति के आसार हैं आपको थोड़ा संयम से रहने की आवश्यकता होगी। आपके परिवार का कोई सदस्य आपके लिये मार्गदर्शक बनेगा। थकान महसूस होगी। आराम के लिए समय निकालें।

वृष –आज आपको स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता होगी। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य हासिल करने में थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है लेकिन उन्हें इस कड़ी मेहनत का अपेक्षित परिणाम भी हासिल होगा। दिन की शुरुआत में आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है।

मिथुन –आज अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा चिंता न करें, क्योंकि इससे आपकी बीमारी और बिगड़ सकती है। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे। आपको पहली नजर में किसी से प्यार हो सकता है। घर में मरम्मत का काम या सामाजिक मेल–मिलाप आपको व्यस्त रखेगा। व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है।

कर्क –दुश्मन की ताकत का अंदाजा लगाए बिना उलझना ठीक नहीं है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। धर्म–कर्म में आस्था बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में विलंब संभव है। लाभ होगा। अपने प्रेमी या जीवनसाथी की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

सिंह –आज पुरानी गलतियों को लेकर भय बना रहेगा। साझेदारी में चल रहा गतिरोध दूर होने के आसार है। आयात–निर्यात के कारोबार में बड़ा लाभ संभव है। समान विचारधारा वाले लोगों के साथ काम करना आसान रहेगा। दूसरों की गलती अपने पर आ सकती है। काम में देरी से लाभ की मात्रा सीमित होगी।

कन्या –आज के दिन आपको सुख–समृद्धि, कार्यक्षेत्र में उन्नति, सुखद सफल यात्राएं, परिवार और जीवन साथी का सहयोग सब मिलने के आसार हैं। विवाहित व्यक्ति अपने जीवनसाथी में पूर्णतया विश्वास जतायें अन्यथा संबंधों में खटास पैदा हो सकती है। आपके कर्मक्षेत्र, आपके सम्मान व आपके नाम पर पडने के आसार हैं।

तुलाःआज भाग्य आपके साथ है। लंबे समय से चले आ रहे प्रेम संबंधों को नया रूप देने के लिए अच्छा मौका है। आज स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। अचानक सेहत बिगड़ सकती है और कई जरूरी काम भी रुक सकते हैं। परिवार के लोग आपसे थोड़े नाराज हो सकते हैं।

वृश्चिकः आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं।आज जिस नए समारोह में आप शिरकत करेंगे, वहाँ से नयी दोस्ती की शुरुआत होगी। आज आपका प्रिय आपके साथ में समय बिताने और तोहफे की उम्मीद कर सकता है।

धनुः आज आपके परिश्रम से किए गए कार्य में सिद्धि होगी। नौकरी में आप का सम्मान बढेगा। यात्रा के दौरान आप नयी जगहों को जानेंगे। और महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आप अपने प्रिय द्वारा कही गयी बातों के प्रति काफी संवेदनशील होंगे। अगर आप सूझ–बूझ से काम लें, तो आज अतिरिक्त धन कमा सकते हैं।

मकरः आज आपके आय के नए स्रोत बनेंगे। आकस्मिक धन के अवसर मिलेंगे। मित्रों और जीवनसंगिनी के सहयोग से राह आसान होगी। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। दफ्ध्तर का तनाव आपकी सेहत खराब कर सकता है। अपने जज्बात पर काबू रखें। आज आपको अपने प्रिय की याद सताएगी।

कुंभः आज आप करिअर से जुड़े फैसले खुद करें, बाद में इसका लाभ आपको मिलेगा। सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है। माता–पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे। आज दोस्तों के साथ बाहर घूमना आपके मन को खुशी देगा।

मीनः आज भाग्य पर निर्भर न रहें और अपनी सेहत को सुधारने की कोशिश करें। आप उन लोगों की तरफ वादे का हाथ बढ़ाएंगे, जो आपसे मदद की गुहार करेंगे। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है।

# रोजगार की जरूरत

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

यकीनन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नई एनडीए गठबंधन सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती नौकरियों और रोजगार अवसरों में वृद्धि करने की है।हाल ही में दुनिया में आर्थिक और रोजगार से संबंधित शोध अध्ययनों के लिए प्रसिद्ध फ्रांस के कॉरपोरेट एंड इन्वेस्टमेंट बैंक नेटिक्सि एसए के द्वारा प्रकाशित अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक भारत में जिस तेजी से युवा रोजगार के लिए तैयार होकर श्रम शक्ति (वर्क फोर्स) में शामिल हो रहे हैं, उसको देखते हुए भारत को 2030 तक प्रति वर्ष 1.65 करोड़ नई नौकरियों की जरूरत होगी। इसमें से करीब 1.04 करोड़ नौकरियां संगठित सेक्टर में पैदा करनी होगी। जबकि पिछले दशक में सालाना कुल 1.24 करोड़ नौकरियां ही पैदा हो सकी थीं।




इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत को अपनी अर्थव्यवस्था में तेजी को बरकरार रखने के लिए सर्विसेज से लेकर मैन्युफैक्चरिंग तक सभी सेक्टर्स को नई रफ्तार से बढ़ावा देना होगा। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार वर्ष 2022 में भारत की कुल बेरोजगार आबादी में से 83 फीसद बेरोजगार युवा थे। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक, भारत की कुल श्रम शक्ति की भागीदारी दर मात्र 58 प्रतिशत है, जो भारत के एशियाई समकक्ष देशों की तुलना में बहुत कम है। निसंदेह नई गठबंधन सरकार को बेरोजगारी संबंधी चिंताजनक नए आंकड़ों को ध्यान में रखना होगा। हाल ही पिछले दस वर्षो में संघ लोक सेवा आयोग रेलवे भर्ती और कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने जो भर्तियां की हैं, वे रिक्त पदों की तुलना में कम बहुत है।राष्ट्रीय सांख्यिकीय संगठन (एनएसओ) के द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) आंकड़ों के अनुसार भारत के शहरी इलाकों में बेरोजगारी की दर वित्त वर्ष 2023–24 की चौथी तिमाही (जनवरी से मार्च 2024) में बढ़कर 6.7 प्रतिशत हो गई है, जो इसके पहले की तिमाही में 6.5 प्रतिशत थी। शहरी बेरोजगारी पिछली चार तिमाही के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। 15 साल से अधिक उम्र में बेरोजगारी की दर जनवरी–मार्च 2023 की तिमाही के 6.8 प्रतिशत के बाद सर्वाधिक है।सर्वेक्षण के अनुसार युवा बेरोजगारी स्तर बढ़ा है और यह बीती तिमाही के 16.5 प्रतिशत से बढ़कर चौथी तिमाही में 17 प्रतिशत हो गया। यह आंकड़ा इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इस आयु वर्ग के लोग पहली बार श्रम बाजार में प्रवेश करते हैं। इससे शहरी रोजगार के बाजार में गिरावट का पता चलता है। अब नई सरकार के द्वारा देश में असंगठित सेक्टर लघु एवं मध्यम उद्योगों और गिग वर्कर्स की चिंताओं पर भी ध्यान दिया जाना होगा। इन सेक्टरों में करोड़ों लोगों को रोजगार तो मिल रहा है, लेकिन भविष्य एकदम सुरक्षित नहीं है। जून 2022 में प्रस्तुत नीति आयोग की एक रिपोर्ट बताती है कि भारत के 77 लाख लोग इस समय गिग इकोनॉमी का हिस्सा हैं। अनुमान है कि 2029–30 तक इनकी संख्या 2.35 करोड़ हो जाएगी।

गिग वर्कर्स के लिए बड़ी समस्या नौकरी जाने का खतरा और प्रोविडेंट फंड, हेल्थ इंश्योरेंस और सामाजिक सुरक्षा नहीं मिलना है। देश में रोजगार के मद्देनजर महिलाओं की स्थिति भी अच्छी नहीं है। नैसकॉम के मुताबिक भारत के प्रौद्योगिकी कार्यबल में केवल 36 फीसद महिलाएं हैं। विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक भारत में वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और प्रौद्योगिकीविदों में महिलाओं की भागीदारी केवल 14 फीसद है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) क्षेत्र में महिलाओं का रोजगार कम है और भारत के बड़े अवसरों के लिए महिलाओं की कम भागीदारी चुनौतीपूर्ण है। निश्चित रूप से नई गठबंधन सरकार को देश की नई पीढ़ी को जॉब सीकर यानी नौकरी की चाह रखने वाले से ज्यादा नए दौर के जॉब गिवर यानी नौकरी देने वाले बनाने की तेज रणनीति के साथ भी आगे बढ़ना होगा। पिछले 10 वर्षो में जिस तरह नई पीढ़ी के द्वारा स्वरोजगार के मौके मुट्ठी में लिए जा रहे हैं।उनकी रफ्तार बढ़ाई जानी होगी। हाल ही में शोध संस्थान स्कॉच की एक रिपोर्ट में कहा गया कि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में 51.40 करोड़ रोजगार मिले हैं। इस शोध अध्ययन में रोजगार व स्वरोजगार से संबंधित 12 केंद्रीय योजनाओं को शामिल किया गया है। इनमें मनरेगा, पीएमजीएसवाई, पीएमईजीपी, पीएमए–जी, पीएलआई, पीएमएवाई–यू, और पीएम स्वनिधि जैसी प्रमुख योजनाएं शामिल हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विगत 10 वर्षो में ।आर्टिफशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी नई स्किल्स से नई पीढ़ी को सुसज्जित करके उनके लिए रोजगार के मौके बढ़ाए हैं।

अब तीसरे कार्यकाल में देश में वैश्विक क्षमता केंद्रों की (जीसीसी) स्थापनाओं की रफ्तार तेजी से बढ़ाकर नए तकनीकी कौशल वाले युवाओं के लिए रोजगार के अधिक मौके सृजित करने की डगर पर आगे बढ़ा जाना होगा। चूंकि कई विकसित और विकासशील देशों में तेजी से बूढ़ी होती आबादी के कारण उद्योग–कारोबार व सर्विस सेक्टर के विभिन्न कामों के लिए युवा हाथों की कमी हो गई तथा श्रम लागत बढ़ने से ये देश कार्यबल संबंधी परेशानियों से जूझ रहे हैं। ऐसे में भारत को इस मौके को भुनाते हुए तेजी से आगे बढ़ना होगा। सरकार ने 2023 तक भारतीय श्रमिक उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न देशों के साथ 13 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। नई गठबंधन सरकार को ऐसे समझौतों को अब और बढ़ाने की रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा।हम उम्मीद करें कि प्रधानमंत्री मोदी की नई सरकार के द्वारा उनके विकास के एजेंडे में शामिल अधिक रोजगार के मुद्दे को प्राथमिकता के साथ ध्यान में रखा जाएगा। हम उम्मीद करें कि नई सरकार नई सरकारी नौकरियों के सृजन पर पूर्णरूपेण ध्यान देते हुए लघु–मध्यम उद्योग और असंगठित क्षेत्र में रोजगार की जरूरतों पर ध्यान देगी। साथ ही उम्मीद करें कि मोदी सरकार के श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और कौशल विकास व उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी 142 करोड़ से अधिक आबादी के साथ दुनिया की सर्वाधिक आबादी वाले भारत में दुनिया की सर्वाधिक युवा आबादी को नए उच्च गुणवत्ता वाले कौशल से सुसज्जित करके उनके चेहरों पर रोजगार की मुस्कुराहट देने के साथ देश की आर्थिक तस्वीर संवारने की संभावनाओं को साकार करने के लिए नई कारगर रणनीतियों के साथ आगे बढ़ेंगे।

# अधिकांश की प्रस्तुति सेक्सिस्ट

टीवी व प्रिंट मीडिया में इन दिनों आते कुछ विज्ञापनों को छोड़ दें तो अधिकांश की प्रस्तुति शसेक्सिस्ट्य नजर आती है जिनमें औरत अधिकाधिक बेध्य नजर आती है।इसे समझने के लिए हम कुछ उदाहरण देखेंरू एक खास ब्रांड की इलायची बेचनी होती है, वहां भी केसर फेंकने के लिए सुंदरी जरूरी होती है जो नाचती–गाती दिखती है। इसी तरह एक टूथपेस्ट बेचने के लिए एक हीरो नाचता हुआ आता है, और फिर कई लड़कों के साथ एक हीरोइन भी उसके साथ डांस करने लगती है, और वो ब्रांडेड टूथपेस्ट दिखने लगता है।

लेकिन इन दिनों कुछ विज्ञापन बहुत ही आगे निकल गए दिखते हैं जैसे एक ब्रांड शकंडोमत्र का विज्ञापन जिसमें लड़का लड़की के साथ दर्शकों से कहता है कि अपने पार्टनर से बात करके कंडोम तय करो..। यह विज्ञापन उस कंडोम विज्ञापन से बहुत आगे का है जो बरसों पहले एक अंग्रेजी पत्रिका में छपा था जिसमें नग्न हीरो–हीरोइन के शनग्नत्र शरीरों पर अजगर लिपटा हुआ दिखता था। तब उसे लेकर मीडिया में बड़ा हल्ला हुआ था। लेकिन अब कंडोम के विज्ञापन किसी को नहीं हिलाते। उनको तक नहीं जो अपने को श्स्त्रीत्ववादीत्य कहते हैं और स्त्री की देह को किसी शउपभोग्य वस्तुत्य की तरह दिखाने पर ऐतराज किया करते थे। कारण यह है कि इन दिनों बाजार की अतियों के खिलाफ कोई बंदा बोलता नहीं दिखता।

आज का बाजार शसेक्स संचालितत्य बाजार है। वस्तुओं के साथ हमको शसेक्सिस्ट्य नजरिया भी बेचा जाता है। यह अपने श्फ्री मारकेटत्य की शसेक्सिस्ट कल्चरत्य की जीत है। बहुत कम विज्ञापन होते हैं जिनमें कोई सुंदर स्त्री या हीरोइन नहीं होती। इसका कारण श्मारकेटिंग की रणनीतिय है जो मान कर चलती है कि स्त्री अगर श्सेल्स वूमनत्य हो तो चीज अच्छी बिकती है क्योंकि चीजों को खरीदने वाले अधिकतर मर्द ही होते हैं।

अब हम कुछ नये ब्रांडेड श्कच्छा बनियानोंय की मारकेटिंग के उदाहरण देखेंरू एक फिल्मी हीरो की शूटिंग का टाइम हो चुका है। सेट लगा है। वह लेट हो रहा है लेकिन वो येन केन दौड़ता–भागता किसी तरह सेट तक पहुंचता है तो वहां मौजूद लेडी बुदबुदाती है कि वो तो कभी लेट नहीं होता तो वो कहता है कि मैं हमेशा टाइम से पहुंचता हूं। अंत में लेडी कहने लगती हैरू शफिट है बॉसत्र! यह शफिट है बॉसत्र यूं तो बनियान के लिए कहा जाता है लेकिन शफिटत्य के मानी सिर्फ इतने नहीं दिखते। इसके भी श्डबल मानीत्य हैं। ऐसा ही एक विज्ञापन कुछ पहले आया करता था जो इस तरह से खुलता था रू हीरो को कोई बताता है कि डालर का भाव चढ़ रहा है तो वह दौड़ लगाकर एक खास ब्रांड के बक्से को छीन लेता है। उसकी इस फिटनेस पर लेडी मुग्ध हो जाती है..। ऐसे विज्ञापनों में सामान के साथ मर्द की बॉडी पर मरती औरत भी बेची जाती है। यह एक प्रकार का शनिर्लज्ज सेक्सिज्मत्य है।

ऐसे ही श्गरम इनर्सत्य का वो विज्ञापन याद आता है, जो इस तरह खुलता है रू किसी बर्फानी हिल स्टेशन पर एक मां अपनी लड़की के साथ दिखती है, जो ठंड से ठिठुर रही है। वहां एक लड़का आता है जो अपने गरम इनर्स को उतार कर लड़की को देता है, तो वह कहती है, हां, अब ये ठंड कट जाएगी..। इसके श्डबल मानीत्य साफ हैं। लड़की जिस मुद्रा में यह सब कहती है उसमें उसकी आंखों में वासना सी नजर आती है और लड़का तक उसके इशारे समझता है..। इसी तरह एक कच्छे का विज्ञापन आता है जिसमें लड़की लड़के को देखती है। लड़का अलमारी के ऊपर रखे कुछ सामान को उतारता है। इसी प्रक्रिया में उसके कच्छे का ब्रांड लड़की को दिखने लगता है, जिसे देख लड़की की आंखों में एक शलस्ट्य, एक श्वासनात्य सी दिखती है। इसी तरह जब लड़का अपनी बाहें ऊंची करता है, तो उसके कच्छे का खास ब्रांड दिखने लगता है, और लड़की उसके कच्छे के ब्रांड को देख खुश हो जाती है और लड़के का ध्यान खींचने के लिए जोर से नारा लगाती है। लड़की को अपने कच्छे का ब्रांड देखते देख लड़का झेंपता दिखता है।

कच्छा बनियान बेचने के क्या यही तरीके बचे हैं और क्या यही भाषा बची है कि लड़की किसी लड़के के कच्छे को ही देखे और उसके ब्रांड को देख खुश होती दिखे? ऐसे सेक्सिस्ट विज्ञापनों के बीच इन दिनों खास ब्रांड के ट्रक का वो विज्ञापन दिखता है जिसमें लड़की ड्राइवर बन ट्रक को चलाती दिखती है। यह अकेला विज्ञापन है, जिसमें औरत को उपभोग्य पदार्थ की तरह नहीं दिखाया जाता, बल्कि नये श्प्रोफेशनल कर्मीत्य की तरह दिखाया गया है। यह बताता है कि औरत को शसेक्सिस्ट्य रूप में दिखाए बिना भी स्त्री को शएम्पावरत्य करने वाले अच्छे विज्ञापन बनाए जा सकते हैं।

# बजट में रक्षा क्षेत्र के साथ हुआ न्याय

आर.के. सिन्हा

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश का साल 2024–25 का बजट पेश करते हुए रक्षा क्षेत्र के लिए 4.54 लाख करोड़ का प्रस्ताव किया। यह संयोग ही है कि कारगिल विजय दिवस (26 जुलाई) से चंदेक दिन पहले ही संसद में पेश आम बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए ठीक–ठाक राशि का ही प्रस्ताव किया गया। भारत अपने रक्षा बजट की किसी भी सूरत में अनदेखी नहीं कर सकता। कारण हम सबको पता है। हमारे दो गैर–जिम्मेदाराना हरकतों के लिये कुख्यात पड़ोसी– चीन और पाकिस्तान भारत के कट्टर शत्रु देश हैं। इनसे भारत के कई युद्ध भी हो चुके हैं। इसके अलावा, पाकिस्तान तो भारत में आतंकवाद को लगातार हवा–पानी देता रहता है। यह हमने हाल ही में जम्मू में भी देखा। जम्मू क्षेत्र में आतंकी हमलों में वृद्धि के मद्देनजर, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने विगत 20 जुलाई को जम्मू का दौरा भी किया था। वह वहां सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए गए थे। इस दौरान उन्होंने आला सैनिक अफसरों के साथ आतंकवाद को कुचलने की रणनीति पर भी बातचीत की थी। जम्मू में इस साल छह अलग–अलग आतंकी हमलों में 11 सशस्त्र बल कर्मियों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा, पिछले महीने आतंकियों ने रियासी में एक बस पर फायरिंग की थी। इसके बाद बस के खाई में गिरने से 9 यात्रियों की मौत हो गई थी। इसके अलावा अक्टूबर 2021 से आतंकवादी डोडा, कठुआ और रियासी जैसे क्षेत्रों में और भी अंदर तक पहुंच गए हैं। पिछले महीने जनरल मनोज पांडे से सेना प्रमुख के रूप में पदभार संभालने के बाद से जनरल द्विवेदी का जम्मू क्षेत्र का यह दूसरा दौरा था।

तो बहुत साफ है कि भारत के रक्षा क्षेत्र के सामने बहुत चुनौतियां है। उसे पाकिस्तान और चीन की करतूतों से लगातार लड़ना पड़ता है। भारत की पाकिस्तान से 1947, 1965, 1971 और फिर करगिल में जंग हुई। चीन से भी हमारी भीषण जंग 1962 में हुई। कुछ साल पहले चीन से दोकलम में भी लड़ाई की ही नौबत आ चुकी थी । लेकिन, भारत की कुशल कूटनीति से युद्ध टल गया था। भारत के चीन और पाकिस्तान से कई विषयों पर विवाद हैं। इसीलिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने समझदारी पूर्वक रक्षा बजट के लिए एक बड़ी राशि देने का प्रस्ताव रखा।चीन ने 1962 की जंग के बाद हमारे अक्सईचिन पर अपना जबरदस्ती कब्जा जमा लिया था। यह क्षेत्र 37,244 वर्ग किलोमीटर है जिसमें अनेक गलैशियर भरे पड़े हैं। यह पूरे कश्मीर घाटी जितना बड़ा इलाका है। भारत को उस चीन द्वारा जबरदस्ती ढंग से कब्जाए क्षेत्र को वापस तो लेना ही है। चीन हमारे अरुणाचल प्रदेश पर भी गिद्ध दृष्टि रखता है। तो भारत को अपने रक्षा बजट को निरंतर बढ़ाने के साथ सेना के सभी अंगों को और मजबूत तो करना ही होगा। इस बारे में कोई बहस संभव नहीं है।

भारत लगातार अपने रक्षा क्षेत्र को बदलते वक्त के साथ तैयार भी कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त, 2019 को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीए) पद सर्जित करने की घोषणा की थी। यह कदम भारतीय सशस्त्र बलों में आपसी तालमेल को बढ़ावा देने के लिए किया गया था।



हालांकि यह पहल कारगिल युद्ध के 18 साल बाद हुई। आप जानते हैं कि कारगिल युद्ध में भारत ने पाकिस्तान के गले में अंगूठा डाल दिया था। कारगिल युद्ध भारतीय सेना और राष्ट्रीय खुफिया एजेंसियों के लिए एक बड़ा झटका था। 84 दिनों तक चला यह युद्ध 15,000 फीट की ऊँचाई पर 200 किलोमीटर लम्बी सीमा पर लड़ा गया। यह युद्ध भारतीय सेना के लिए प्रमुख सुधारों और नवीनीकरण का उत्प्रेरक बना । देश की सरहदों की निगाहबानी करने वालों के लिए कारगिल का सबसे बड़ा सबक था – अप्रत्याशित की उम्मीद करना। भारतीय सेना ने कभी नहीं सोचा था कि जनरल परवेज मुशर्राफ के नेतृत्व में पाकिस्तानी सेना कारगिल सेक्टर में घुसपैठ करेगी।कारगिल युद्ध का एक महत्वपूर्ण सबक यह भी था कि भारत को आधुनिक हथियारों और गोला–बारूद में आत्मनिर्भर होना होगा।यह तो जाहिर है कि भारत सरकार रक्षा क्षेत्र के सामने कभी धन की कमी महसूस नहीं होने देती। जब देश के इर्द–गिर्द दो बड़े शत्रु राष्ट्रों की सरहदें मिलती हो तब भारत से यह अपेक्षा करना उचित ही नहीं होगा कि वह अपने रक्षा बजट में कटौती करने की सोचे भी। अगर बात आम बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए धन की आवंटन से हटकर करें, तो भारत को अपने रक्षा क्षेत्र में लगातार सुधार करते ही रहना होगा। यह अच्छी बात है कि सरकार सेना, नौसेना और वायु सेना के एकीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो संकट के समय में उनके बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करेगा। पहले तीनों सेनाएं अपने–अपने स्तर पर काम करती थीं। मौजूदा सरकार ने उनके एकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया, जो लीक से हटकर कर एक अलग कदम था और यह समय की मांग भी थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा भी था सेना के तीनों अंगों में समन्वय का काम थोड़ा कठिन थाय लेकिन, अब हमारी सेना बेहतर समन्वय के साथ हर चुनौती से निपटने के लिए मिलकर काम करने को तैयार रहती है।कुछ लोगों का विचार था, स्वदेशी हथियार विश्व स्तरीय नहीं होंगेय लेकिन, वर्तमान सरकार घरेलू उद्योग की क्षमताओं में विश्वास करती है। यह जान लीजिए कि कोई भी सेना बाहर से आयातित उपकरणों से अपने देश की रक्षा नहीं कर सकती है और आज के समय में भारत के लिए रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता आवश्यक है। आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत सरकार के लगातार प्रयास अब लाभ देने लगे हैं, क्योंकिय भारत का रक्षा उत्पादन एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में रक्षा औद्योगिक गलियारे स्थापित करने जैसी पहल के माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि आधुनिक सैन्य साजो–सामान न केवल भारत में निर्मित हो, बल्कि उन्हें मित्र देशों को भी निर्यात किया जाए। पहले भारत को हथियार आयातक राष्ट्र के रूप में जाना जाता था। लेकिन, आज भारत अपने कम्फर्ट जोन से बाहर आ गया हैं और हमने हथियार निर्यातक शीर्ष–25 देशों की सूची में जगह बना ली है। कुछ साल पहले तकभारत के रक्षा क्षेत्र का निर्यात 1,000 करोड़ रुपये तक भी नहीं पहुंच पाता था, जबकि आज यह 16,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। सरकार को 2028–29 तक वार्षिक रक्षा उत्पादन तीन लाख करोड़ रुपये और रक्षा निर्यात 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की आशा है।संक्षेप में इतना ही कहना काफी होगा कि भारत सरकार को अपने रक्षा क्षेत्र पर लगातार फोकस देते रहना ही उचित होगा।

# किशोरियो का ब्रेन वॉश कर पहुंचा रहे थे अहमदाबाद

## प्रार्थना पत्र देखकर न्याय पाने की गुहार लगाई

सुल्तानपुर। बल्दीराय थाना अंतर्गत वलीपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में ग्यारह दिन पूर्व हुई घटना में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कार्यवाही न होने पर पीड़ित परिवार ने न्याय पाने के लिए पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देखकर न्याय पाने की गुहार लगाई है। घटनाक्रम के अनुसार बल्दीराय थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गांव की दो नाबालिक हाई स्कूल की छात्राओं को समुदाय विशेष के ही दो सहेलियां ब्रेन वाश कर अच्छी मित्रता, निभाते हुए दोनों छात्राओं को अहमदाबाद साथ जाने के लिए तैयार भी कर लिया। समुदाय विशेष की दोनों सहेलियों ने बाजार वलीपुर में एक दुकान से दैनिक उपयोगी सामान भी खरीदारी करवाकर उन्हें 31 अगस्त को गुजरात जाने के लिए बुला लिया यह घटना तब हुई जब यह दोनों छात्राएं अपने घर से कोचिंग पढ़ने के लिए निकली थी रास्ते मे ही विशेष समुदाय की सहेलियो ने दोनो किशोरियो को पहले ब्रेन वाश करते हुए उन्हे बहला फुसला लिया गुजरात जाने के लिए स्वय भी साथ चलने के लिए तैयार हुई जब दोनो किशोरिया गुजरात के लिए रवाना हुई तो समुदाय विशेष की दोनों सहपाठी सहेलियों ने साथ जाने से सीधा इनकार कर दिया। महक पुत्री कुतुबुद्दीन निवासी इब्राहिमपुर थाना बल्दीराय व तहसील बानो पुत्री इरशाद अली निवासी ग्राम दरियांवालाल ने ब्रेन वॉश हुई दोनों सहेलियों से कहा कि आप दोनों अहमदाबाद चलो हम बाद में आएंगे वहां इब्राहिमपुर गांव का निवासी सरताज अहमद मिलेगा स्टेशन से तुम दोनों को साथ ले जाएगा। उधर दोनों छात्रों के पारिवारिक जनों को जब यह पता चला कि छात्राएं कोचिंग से घर नहीं आई तो काफी छानबीन करते हुए बल्दीराय थाने की चौकी बलीपुर के पुलिस को समुदाय विशेष की महक और यासीन सहित दो अन्य को नामजद करते हुए तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी इसी बीच छात्राएं साबरमती ट्रेन से अहमदाबाद जा रही थी ट्रेन में किसी अननोन व्यक्ति से मोबाइल मांग कर बिसावां गांव के हर्ष सिंह को फोन करके आप बीती बताई। इधर पुलिस भी सक्रिय थी पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए नंबर को ट्रेस किया तो पता चला कि अननोन व्यक्ति भी इस ट्रेन में सफर कर रहा है जिससे अननोन नंबर से पुलिस की बात होना शुरू हो गई फिर पुलिस ने अननोन व्यक्ति से बात करते हुए अजमेर स्टेशन तक जीआरपी पुलिस की मदद से दोनों छात्रों को कस्टडी में ले लिया इसके बाद छात्राओं का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद, मजिस्ट्रेट को बयान दिलाने के बाद दोनों छात्रों को उनके पारिवारिक जनों के सुपुर्द तो कर दिया गया। लेकिन घटना में शामिल लोगों के विरुद्ध अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। ना ही इसका कोई खुलासा किया गया कि भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा ना हो और कोई नाबालिक ऐसे ब्रेनवाश का शिकार ना हो और किसी तरह की बड़ी अनहोनी ना हो। जिससे नाराज पीड़ित परिवार ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया कि घटना में शामिल लोगों पर कठोर से कठोर करवाई कर दंडित किया जाए। वहीं पीड़ित परिवार का यह भी कहना है कि मित्र पुलिस का दोहरा चरित्र सामने आ रहा है।जिससे घटना में शामिल लोगों का मनोबल बढ़ रहा है। स्थानीय पुलिस अभी तक दर्ज प्राथमिकी में नामजद अभियुक्तो को गिरफ्तार नही सकी। वहीं घटना के बाद पीड़ित छात्रा के पिता को एक मोबाइल नंबर मिला जब उस पर पता जाना चाहा तो बल्दीराय थाने के सिपाही कृष्ण कुमार से दोषियों के खिलाफ कार्यवाही को लेकर टेलीफोन से बात की तो उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि ज्यादा बात करोगे तो मैं तुम्ही जेल में डाल देंगे जिसका ऑडियो रिकडिंग पीड़ित पिता के पास मौजूद है। पीड़ित न्याय के लिए दर दर भटक रहा है पुलिस है कि मामले को ठन्डे बस्ते में डालने के फिराक में है।



# क्रिकेट प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

प्रतापगढ़। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के तहत स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष माधुरी पटेल के द्वारा किया गया। आज का पहला मैच आनंद वन इंटर कॉलेज और स्टेडियम ट्रेनीज के बीच खेला गया जिसमें आनंदवन इंटर कॉलेज ने 112 रन का स्कोर 30 ओवरों में खड़ा किया जिसमें रोशन विश्वकर्मा ने 30, उत्कर्ष पाल ने 12 रन, ऋषि श्रीवास्तव ने 15 रन का योगदान दिया जवाब देने उतरी स्टेडियम ट्रेनीज की टीम ने मात्र 25 ओवरों में 80 रन बना सके और पूरी टीम ऑल आउट हो गयी। आनंदवन की ओर से रोशन विश्वकर्मा ने दो विकेट, उत्कर्ष पाल ने दो विकेट लिए। आज के मुख्य निर्णायक सज्जन लाल और मीत श्रीवास्तव रहे। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी पूनम लता राज, उप क्रीड़ा अधिकारी रनजीत यादव, जिला क्रिकेट आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी, क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला, एथलीट प्रशिक्षक सोमनाथ यादव, हैंडबॉल प्रशिक्षक सचिन शुक्ला, कंप्यूटर ऑपरेटर निखिल तथा अन्य कोच उपस्थित रहे।

# छात्रों को किया गया सम्मानित

अयोध्या (आरएनएस)। राजबहादुर यादव कर्म से समाजवादी थे। उन्होंने पार्टी के महासचिव का दायित्व निभाते हुए अनेकों संगठनिक कीर्ति मान बनाया। समाजवाद तथा गरीबों का उत्थान उनके जीवन का लक्ष्य था। इसके लिए वह आजीवन समर्पित रहे। यह कहना है पूर्व मंत्री समाजवादी पार्टी के नेता तेज नारायण पांडेय पवन का। वे स्व. राजबहादुर यादव की पुण्यतिथि पर आयोजित संगोष्ठी में विचार व्यक्त कर रहे थे। संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय ने उन्हें बेहतरीन संगठनकर्ता तथा अच्छा वक्ता बताया। कार्यक्रम का आयोजन स्व.राजबहादुर यादव द्वारा स्थापित राजबली यादव स्मारक पब्लिक इंटर कालेज मड़ना पूरा में हुआ। छठवीं पुण्यतिथि पर सम्पन्न गोष्ठी में वक्ताओं ने उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर व्यापक चर्चा किया। गोष्ठी की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष लड्डू लाल यादव तथा संचालन शहीद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का सम्मान बढ़ाने वाले हाईस्कूल तथा इंटर के प्रथम स्थान प्राप्त छात्रों को प्रशस्ति पत्र तथा पुरस्कार स्वरूप साइकिल प्रदान किया गया। पुरस्कार पाने वालों हाईस्कूल की छात्रा आरुषि कन्नौजिया को 96 प्रतिशत अंक तथा इंटर में रागिनी प्रजापति को 91 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रामलखन यादव, अंगद यादव, डा एमपी यादव, राम अचल यादव, रक्षा राम यादव, ललित यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### ग्राम प्रधान व परिजनों पर फायर करने में तमंचा समेत आरोपी गिरफ्तार

हरदोई।(आरएनएस)अरवल थाना क्षेत्र के शेखापुर नगरिया गांव में महिला प्रधान व परिजनो पर पुरानी रंजिश को लेकर फायर करने के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को तमंचा व कारतूस खोखा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।अरवल थाना क्षेत्र के शेखापुर नगरिया गांव में बुधवार की रात प्रधान अर्चना राजपूत व अपने पति सुनील कुमार देवर रोहित के साथ अपनी छत पर खडे थे।पुरानी रंजिश में गॉव के ही बृजेश कुमार,नीरज कुमार, रवीश कुमार, अनेश व जगतेंद्र एक राय होकर प्रधान व उसके परिजनों की हत्या करने के उद्देश्य से आए और उसके परिवार के ऊपर जान से मार डालने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। जिससे सभी बाल बाल बच गये।प्रधान पति सुनील कुमार की तहरीर पर चारों आरोपियों के विरुद्ध जानलेवा हमले के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था।पुलिस ने एक आरोपी जगतेंद्र को उसके गॉव से 315 बोर के तमंचा व कारतूस खोखा के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। थानाध्यक्ष अरवल सोमपाल गंगवार ने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### टीम ने मंडी समिति के कर्मचारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

हरदोई(आरएनएस)।एंटी करप्शन टीम ने मंडी समिति में एक कर्मचारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोच लिया। यह कार्रवाई उस समय की गई जब टीम को मंडी में लगातार पैसे मांगने की शिकायतें मिल रही थीं।बारिश के बीच हुई इस छापेमारी में नवीन गल्ला मंडी के कर्मचारी अरुणेन्द्र को 30,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया।आरोपी को तुरंत पुलिस शहर कोतवाली ले जाया गया, जहां आगे की जांच की जा रही है। मंडी समिति में बिना सुविधा शुल्क के काम न होने की कई शिकायतें मिली थीं। इसी शिकायत के आधार पर एंटी करप्शन टीम ने कार्रवाई की। टीम अब पूरे प्रकरण में गहनता से जांच कर रही है कि आरोपी के किन किन लोगों से सम्बन्ध थे।कौन कौन लोग वसूली में शामिल थे। एन टी करप्शन की कार्यवाई से जहाँ अन्य विभागों में जहां बिना सुविधा शुल्क के कोई काम नही होता वहां भी हड़कम्प की स्थिति है।फिलहाल पुलिस पूरे मामले में कार्यवाई करने में जुटी है।

### सहायता के बारे में दी गयी जानकारी

अयोध्या (आरएनएस)। जनपद न्यायाधीश के निर्देशन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व सदस्य अनुश्रवण समिति अनिल कुमार वर्मा, अपर जनपद न्यायाधीशधविशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट–द्वितीय नूरी अंसार एवं प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड अमित कुमार यादव– तृतीय द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह(किशोर) का निरीक्षण किया गया। राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में निरुद्ध किशोर अपचारियों से उनके स्वास्थ्य एवं भोजन के बारे में जानकारी ली गयी। अपचारियों द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य की जांच के लिए समय–समय पर चिकित्सक आते रहते हैं एवं भोजन मीनू के अनुसार दिया जाता है। सहायक अधीक्षक राजकीय संप्रेक्षण गृह(किशोर) को समुचित साफ सफाई हेतु निर्देशित किया गया। अपर जनपद न्यायाधीशध्सचिव, अनिल कुमार वर्मा द्वारा किशोर अपचारियों को निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी गयी और बताया गया कि यदि किसी किशोर अपचारी को विधिक सहायता चाहिए तो कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अन्तर्गत एल0ए0डी0सी0एस0 के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। अपर जनपद न्यायाधीशध्सचिव द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह(किशोर) में संधारित होने वाले कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका की भी जांच की गयी। किशोर अपचारियों से पूछने पर उनके द्वारा बताया गया कि आज नाश्ते में पराठा, चाय, पपीता तथा दोपहर के भोजन में दाल, चावल, सब्जी, रोटी, सलाद दिया गया। सहायक अध ीक्षक को निर्देशित किया गया कि वे इस बात का ध्यान रखें कि किसी किशोर अपचारी को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न होने पाये।

### विजेता व मेधावी पुरस्कृत

अयोध्या (आरएनएस)। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के हिंदी भाषा एवं प्रयोजनमूलक विभाग और क्षेत्रीय भाषा केंद्र तथा बैंक ऑफ बड़ौदा के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी पखवाड़ा के उपलक्ष्य में प्रश्नमंच प्रतियोगिता के साथ–साथ मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। शुक्रवार को दो चरणों में आयोजित प्रतियोगिता के प्रथम चरण में सफल होने वाले प्रतिभागियों में से 20 विद्यार्थियों का चयन दूसरे चरण में किया गया जिनमें से पांच विद्यार्थी प्रतियोगिता में सफल हुए। जिनमें प्रथम पुरस्कार हिन्दी विभाग के सचिन कसौंध ान, द्वितीय पुरस्कार गौरव सिंह, तृतीय पुरस्कार नेहा गुप्ता तथा अभीष्ट दीक्षित, राजवर्धन सिंह और आदर्श पांडेय को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। इस प्रतियोगिता में बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक अमित बनर्जी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक, समन्वयक डॉ. सुरेंद्र मिश्र व राजभाषा अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा अमरीश वर्मा द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय व प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप में क्रमशः 2000, 1500, 1200 और 750 रूपयें प्रतिभागियों को चेक स्वरूप प्रदान किए।

# मोहित अपहरण, हत्याकांड की जांच करेगी एसआइटी

बस्तीरू बहुचर्चित मोहित अपहरण व हत्याकांड की जांच एसआईटी करेगी। जल्द ही विवेचना पूरी कर चार्जसीट अदालत भेज दी जाएगी। अपहरण व हत्याकांड में अब तक 16 आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है। गिरफ्तार आरोपित जेल में निरुद्ध हैं। हालांकि अभी भी तीन अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहे हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए पूर्व में गठित पुलिस टीम व एसआइटी की ओर से उनके संभावित ठिकाने छापेमारी की जा रही है। जल्द ही इनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए एसआइटी जुट गई है।पुलिस अधीक्षक ने इसकी विवेचना कोतवाली पुलिस से हटा कर एसआइटी के निरीक्षक संजय कुमार व उनकी टीम को सौंपी है। मालूम हो कि शहर के पिकौरदत्तूराय मोहल्ले में एक मकान में किराए पर मोहित यादव रहता था। वह मूलरूप से लालगंज थानाक्षेत्र के सुकरौली गांव का रहने वाला था। 12 जुलाई 2024 की दोपहर में करीब एक बजे दो बाइक से पहुंचे आरोपितों ने उसका अपहरण कर हत्या कर दी थी। हालांकि पुलिस मृतक का शव बरामद नहीं कर सकी।

कोतवाली पुलिस से बदल कर मोहित हत्याकांड की जांच एसआइटी को दिए जाने के बाबत पूछे जाने पर एसआइटी प्रभारी संजय कुमार ने बताया अभी उन्हें विवेचना प्राप्त हुई है। शून्य से इसकी विवेचना आरंभ की जाएगी और बहुत ही जल्दी इसमें मामले में रिजल्ट दे दिया जाएगा। आरोप पत्र भी समय से अदालत भेज दी जाएगी।

शहर के पिकौरदत्तूराय मोहल्ले में एक मकान में किराए पर मोहित यादव रहता था। वह मूलरूप से लालगंज थानाक्षेत्र के सुकरौली गांव का रहने वाला था। 12 जुलाई 2024 की दोपहर में करीब एक बजे दो बाइक से फिल्मी स्टाइल में पहुंचे आरोपितों ने उसका अपहरण कर पहले बाइक पर बैठाया। मोहित अपहरण, मर्डर केस में अब तक गिरफ्तार कर जेल भेजे गए लोगों में मोनू जायसवाल, अमन गुप्ता, करन जायसवाल, सादिक उर्फ सुद्धु, आदित्य विक्रम सिंह, प्रेरित पाल उर्फ गोरख, अनुद्राक्ष, प्रतीक मिश्रा, आशुतोष पाठक, विवेक पाल, पुलकित जैन, सत्यम गुप्ता, मो. आसिफ इद्रीशी, अमित सिंह, विपिन गुप्ता व इल्हान शामिल हैं। पुलिस इस मामले में वांछित चल रहे प्रिंस, अभिषेक सिंह, आकाश की तलाश में जगह–जगह दबिश दे रही है।

# छात्र–छात्राओं को बांटे स्मार्ट फोन

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एक दिवसीय दौरे पर जिले में आए हैं। जिन्होंने छत्रपति साहू जी महाविद्यालय नरैनाखेरा में छात्र–छात्राओं को स्मार्ट फोन का वितरण किया। इसी के साथ ही जल जीवन मिशन के तहत होने वाले कार्य का निरीक्षण किया। समीक्षा बैठक भी किया।

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मानिकपुर स्थित अगरहुंणा गांव के पास स्थ्ति छत्रपति साहू जी महाविद्यालय नरैनाखेरा पहुंचे। जहां पर जैविक खेती को बढ़ा देने के लिए हुई गोष्ठी में मंत्री

➤ –जल जीवन मिशन कार्यो का किया निरीक्षण

ने कहा कि महाविद्यालय के कृषि विभाग के छात्र–छात्रएं जैविक खेती करने के लिए किसानों को नई तकनीक की जानकारी दे। कहा कि जैविक खेती करने में कम लागत लगती है मुनाफा भी अच्छा होता है। स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने 20 छात्रः, छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया। कुल 350 छात्र, छात्राओं को स्मार्ट फोन का वितरण किए गए। जैविक खेती करने वाले प्रगतिशील किसान कोठारी सिंह पटेल, प्रेम चंद्र सिंह, संत कुमार, धनश्याम सिंह, गोमती देवी, कविता देवी, देव स्वरूप आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया, जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिका के चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता, महाविद्यालय के प्रबंधक हरिशंकर सिंह आदि मौजूद रहे।





### ईपीएस को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने सौंपा ज्ञापन

सुल्तानपुर(आरएनएस)। कर्मचारी पेंशन स्कीम (ईपीएस) 1995 के अंतर्गत न्यूनतम पेंशन में बढ़ोत्तरी को लेकर मजदूर संघ द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। मजदूर संघ द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में कर्मचारी पेंशन स्कीम (ईपीएस) 1995 के अंतर्गत न्यूनतम मासिक पेंशन रुपये 1000६– (रुपये एक हजार मात्र) 01 सितंबर 2014 से प्रभावशील है। वर्ष 2014 से वर्ष 2024 के मध्य, लगभग 10 वर्षों के दौरान महंगाई में भी काफी हद तक इजाफा हुआ है। इस कारण "न्यूनतम मासिक पेंशन के एवज में मिलने वाली राशि का वास्तविक मूल्य आज की तिथि में अत्यंत अल्प एवं नगण्य हो चुका है। इस कारण पेंशन धारक का जीवन यापन इस न्यूनतम पेंशन की वर्तमान राशि से करना, अत्यंत दूभर हो गया है। संगठन की तरफ से पूर्व में भी अनेक बार संबंधित फोरम पर न्यूनतम पेंशन की राशि बढ़ाने हेतु उचित पहल की गई है। वर्तमान के उपलब्ध आंकड़े के अनुसार लगभग 78 लाख, कर्मचारी पेंशन स्कीम (ईपीएस) 1995 के अंतर्गत पेंशनभोगी है। भारतीय मजदूर संघ, की अखिल भारतीय कार्यस मिति के निर्णय के अनुसार जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा गया।

# कांग्रेस का आरक्षण,संविधान, डॉ अंबेडकर विरोधी इतिहास रहा है

हरदोई(आरएनएस)।ष्कांग्रेस पार्टी ने 57 वर्षों तक देश पर शासन करते हुए अपने राजनीतिक उद्देश्यों को साधने के लिए संवैधानिक प्रक्रियाओं का दुरुपयोग किया है कांग्रेस ने कभी भी संविधान के मूलभूत आरक्षण सिद्धांतों को लागू करने की इच्छा शक्ति नहीं दिखाई है मोदी जी के रहते हुए संविधान और आरक्षण को खरोंच भी नहीं आएगीष् उक्त वक्तव्य भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आहूत प्रेसवार्ता में राहुल गांधी की अमेरिका यात्रा में ष्आरक्षण हटा देंगेष्के प्रतिरोध में सांसद अशोक रावत ने दिए।

सांसद अशोक रावत ने कहा कि राहुल गांधी ने अपनी हालिया अमेरिका यात्रा के दौरान कहा है कि वह आरक्षण हटा देंगे, यह शुरुआत से ही नेहरू के जमाने से कांग्रेस कहती आ रही है। उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी की परंपरा चली जा रही है कि संविधान की मूलभूत सिद्धांतों को सही भावना और रूप में लागू करने के राजनीतिक इच्छा शक्ति कभी नहीं दिखाई है बल्कि अपने राजनीतिक उद्देश्यों को साधने के लिए संवैधानिक प्रक्रियाओं का दुरुपयोग किया है। मोदी जी के रहते हुए संविधान और आरक्षण को खरोंच तक नहीं आएगी

➤ मोदी जी के रहते संविधान और आरक्षण को खरोंच भी नहीं आएगीरूअजीत सिंह बब्बन

➤ बाबा साहब से जुड़े स्थानों को तीर्थ स्थल का सम्मान मोदी जी ने दिया हैरू महिपाल गौतम

भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि नेहरू सरकार ने 1956 में काका कालेकर की रिपोर्ट दबाने, 1961 में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा कि आरक्षण से क्षमता और दोयम दर्जे का मानक पैदा होता है, 1952 में लोकसभा चुनाव और 1954 में लोकसभा उपचुनाव में डॉ अंबेडकर को हराने का पाप किया। वही धारा 370 और 35 अ को समाप्त कर जम्मू कश्मीर के अनुसूचित जाति वर्ग को 70 वर्ष बाद सामाजिक न्याय एवं सम्मान देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किया है। मंडल आयोग की रिपोर्ट ठंडे बस्ते में डालना, 1966 से 1977 तक संविधान में 25 बार संशोधन करना, यही नहीं ,पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांध ी ने 3 मार्च 1985 को एससी आरक्षण पर टिप्पणी करते हुए यह कहा था कि आरक्षण के माध्यम से हमें बुद्धुओं को बढ़ावा नहीं देना चाहिए। कांग्रेस ने सदैव डॉक्टर अंबेडकर का अपमान किया है अपनी सरकारों में कभी भी बाबा साहब का तेल चित्र संसद में नहीं लगने दिया ना ही उन्हें कभी भारत रत्न देने का विचार किया।

# शहनाज बानो शब्द प्रतिभा सम्मान से सम्मानित

चित्रकूट। जिले के प्रसिद्ध कवि तथा लेखक का नेपाल में सम्मान किया गया है। नेपाल के लुंबिनी में आयोजित किए गए अंतरराष्ट्रिय स्तर के कार्यक्रम में जिले की शिक्षिका शहनाज बानो को सम्मानित किया गया है। नेपाल की प्रसिद्ध संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउन्डेशन नेपाल ने भाषा तथा साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले रचनाकारों को ऑनलाइन प्रतियोगिता के माध्यम से सम्मानित किया है। इसके अलावा शिक्षक युवा साहित्यकार प्रवीण गुप्ता को हिंदी काव्य रत्न मानद उपाधि से सम्मानित किया है। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आनन्द गिरि मायालु ने कहा शहनाज बानो की रचना सरल और सहज होती है। ऐसे लेखकों से ही असल समाज का निर्माण होता है जो विकास और सकारात्मक परिवर्तन के लिए लिखते हैं।



### अशोक सिंघल श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के महानायकः राजीव

अयोध्या (आरएनएस)। अशोक सिंघल की जयंती पर रिकाबगंज हनुमानगढ़ी मंदिर के पास मां ललिता देवी मंदिर के परिसर में अशोक सिंघल के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई। चित्र पर माल्यार्पण करते हुए भाजपा नेता दिनेश जायसवाल ने कहा कि हिंदू हृदय सम्राट अशोक सिंघल हिंदू संगठन विश्व हिंदू परिषद के 20 वर्षों तक अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष थे आपका जन्म 27 सितंबर 1926 को आगरा में हुआ था ,बाल अवस्था से लेकर युवावस्था तक अंग्रेज शासक को देखकर बड़े हुए और इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए ,पूरा जीवन हिंदू समाज की सेवा में लगाकर अपने को देश के लिए समर्पित कर दिया, प्रभु श्रीराम जी के मंदिर के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।


# कार्यलिय नगर पालिका परिषद भरवारी, जनपद – कौशाम्बी

पत्र संख्या 65 / न0पा0परि0भ0 / 2024–25 / नामांन्तरण / संशोधन    दिनांक 23.09.2024

## सार्वजनिक सूचना

एतदद्वारा निम्नलिखित भवन/भूखण्ड के स्वामियो, क्रेतागणो, वारिसानो तथा अन्य सम्बन्धितों को सूचित किया जाता है कि निम्न भवनो के नाम परिवर्तन के कार्यवाही हेतु नगर पालिका परिषद भरवारी मे विचाराधीन है आपत्ति कर्ता सम्पूर्ण प्रमाणपत्रो सहित विज्ञापन के प्रकाशन के 30 दिनो के अन्दर नगर पालिका परिषद भरवारी कार्यालय में आपत्ति दाखिल कर सकते है। अन्यथा सम्बन्धित प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए उपरोक्त भवन/भूखण्ड से सम्बन्धित नामान्तरण की कार्यवाही पूर्ण कर दी जायेगी। जिसकी कार्यालय नगर पालिका परिषद भरवारी की कोई जिम्मेदारी नही होगी। उपरोक्त प्रकरण मे नामान्तरण/संशोधन की प्रकिया वार्ड वार गृहकर/भवनकर के रजिस्टर में नया मकान नम्बर गृहकर हेतु चल रहे वर्तमान सर्वे की प्रकिया पूर्ण होने के पश्चात् ही नियमानुसार निर्धारित किया जायेगा।

| भवन/भूखण्ड जहाँ स्थित है उसका वर्तमान पता | नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद भरवारी के अभिलेख में नामातरण की स्थित/मकान संख्या की स्थिति | भवन/भूमि स्वामी का नाम व पता सहित विवरण | जिसके पक्ष में भवन/भूमि पर नाम परिवर्तन होना है | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| वार्ड नं0 24, शहीद गुलाब सेन नगर (करारी रोड) नगर पालिका परिषद भरवारी कौशाम्बी। | नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद भरवारी के अभिलेख मे भवन सं0–43/2014 पर श्री यशपाल केसरी व श्री ओम प्रकाश केसरी पुत्रगण स्व0 जगन्नाथ प्रसाद का नाम दर्ज है। जिसके जुज भाग पर उर्मिला केसरी का नाम दर्ज होना है। | श्री यशपाल केसरी व श्री ओम प्रकाश केसरी पुत्रगण स्व0 जगन्नाथ प्रसाद निवासीगण वार्ड नं0 5 मेहता नगर, करारी रोड, भरवारी, जनपद कौशाम्बी। | उर्मिला केसरी पत्नी स्व0 यशपाल केसरी निवासिनी वार्ड नं0 24, शहीद गुलाब सेन नगर (करारी रोड) नगर पालिका परिषद भरवारी कौशाम्बी। | (1) श्री यशपाल केसरी पुत्र श्री जगन्नाथ प्रसाद की मृत्यु दिनांक 09.01.2024 (नौ जनवरी सन् दो हजार चौबिस) मृत्यु पंजीकरण संख्या D-2024:9-90448-000018 निर्गत दिनांक 30.01.2024 (2)कार्यालय तहसीलदार चायल जिला कौशाम्बी के पत्र सं0 884/HHC के द्वारा दिनांक 08.02.2024को निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाणपत्र की छायाप्रति (3) मकान/भवन/गृहकर/रजिस्टर/अभिलेख करारी रोड (पूर्व नगर पंचायत भरवारी) के गृहकर पंजिका वित्तीय वर्ष 2024–25 के रजिस्टर क्रमांक 22 पर अंकित (4) जलमूल्य/रजिस्टर/अभिलेख करारी रोड (पूर्व नगर पंचायत भरवारी) के जलमूल्य पंजिका वित्तीय वर्ष 2024–25 के रजिस्टर क्रमांक 1526 पर अंकित (5) उर्मिला केसरी का आधार कार्ड सं0(9655 4185 7137) की छायाप्रति (6) भवन सं0–43/2014 की छायाप्रति के आधार पर। |
| वार्ड नं0 24, शहीद गुलाब सेन नगर (शाहगंज) नगर पालिका परिषद भरवारी कौशाम्बी। | नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद भरवारी के अभिलेख मे भवन सं0–59/2015 पर श्रीमती ज्ञान देवी पत्नी श्री जगन्नाथ प्रसाद का नाम दर्ज है। | श्रीमती ज्ञान देवी पत्नी श्री जगन्नाथ प्रसाद साकिनान करारी रोड (मेहता रोड) भरवारी परगना कड़ा तहसील सिराथू, जिला इलाहाबाद वर्तमान मे कौशाम्बी। | उर्मिला केसरी पत्नी स्व0 यशपाल केसरी निवासिनी वार्ड नं0 24, शहीद गुलाब सेन नगर (शाहगंज) नगर पालिका परिषद भरवारी कौशाम्बी। | (1) वसीयत नामा दिनांक 30.03.2016 की छायाप्रति (2) श्रीमती ज्ञान देवी पत्नी स्व0 जगन्नाथ प्रसाद की मृत्यु दिनांक 18.11.2016 (अट्ठारह नवम्बर सन् दो हजार सोलह) मृत्यु प्रमाणपत्र क्रमांक 443178000109 निर्गत दिनांक 27.03.2017 (3) श्री यशपाल केसरी पुत्र श्री जगन्नाथ प्रसाद की मृत्यु दिनांक 09.01.2024 (नौ जनवरी सन् दो हजार चौबिस) मृत्यु पंजीकरण संख्या D-2024:9-90448-000018 निर्गत दिनांक 30.01.2024 (4) कार्यालय तहसीलदार चायल जिला कौशाम्बी के पत्र सं0 884/HHC के द्वारा दिनांक 08.02.2024 को निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाणपत्र की छायाप्रति (5) मकान/ भवन/गृहकर/रजिस्टर/अभिलेख शाहगंज (पूर्व नगर पंचायत भरवारी) के गृहकर पंजिका वित्तीय वर्ष 2024–25 के रजिस्टर क्रमांक 170 पर अंकित की छायाप्रति (6) उर्मिला केसरी का आधार कार्ड सं0(9655 4185 7137) की छायाप्रति (7)भवन सं0–59/2016 की छायाप्रति के आधार पर। |

**अधिषाशी अधिकारी**
नगर पालिका परिशद भरवारी, कौ[illegible]ाम्बी

## इविवि में ई–गवर्ननेंस पर कार्यशाला एक अक्तूबर को

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज में मंगलवार को भारत सरकार के राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस डिवीजन (एनईजीडी) सहयोग से 'डिजिटल इंडिया टाक शो' कार्यक्रम होगा। आईसीटी सेल के डिप्टी डायरेक्टर डा. नीलेश आनंद श्रीवास्तव ने बताया कि यह कार्यशाला डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के उद्देश्यों और देश में डिजिटल परिवर्तन लाने की प्रमुख पहलों पर केंद्रित होगी। कार्यशाला सीनेट परिसर स्थित प्रो. ईश्वर टोपा अकादमिक कॉम्प्लेक्स में प्रातः 10 बजे प्रारंभ होगी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में नेशनल ई–गवर्ननेंस डिविजन के विशेषज्ञ डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत हुए बदलाओं की जानकारी देंगे।

## सी.बी.सी. द्वारा मुंशी का पूरा, झूंसी में स्वच्छता के बारे में किया गया जागरूक

प्रयागराज। "स्वच्छता ही सेवा" पखवाड़े के अंतर्गत "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा मुंशी का पूरा, गारापुर रोड



झूंसी में जन जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत श्रमदान कर उपस्थित लोगों को ब्यूरो के कार्यक्रम प्रभारी राम मूरत द्वारा स्वच्छता शपथ दिलायी गयी। उन्होंने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम अपने व्यवहार में स्वच्छता को अपनाकर स्वस्थ रह सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान कमलेश शर्मा संयोजक गंगा समग्र का विशेष सहयोग रहा। आजाद बिन्द, हिमांशु शर्मा, शुभम, रवी, पंकज संजय गुड्डू, आलम, हर्ष विश्वकर्मा, चन्द्रजीत यादव आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों को विकसित भारत प्रचार सामग्री व न्यु इंडिया समाचार उपलब्ध कराया गया।

## स्वच्छता दिवस पर भाजपा सफाई करेंगी।

प्रयागराज। मोदी के जयंती पर सेवा पखवाड़े कार्यक्रम के समापन के अंतर्गत 2 अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर के द्वारा महापुरुषों की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान एवं उन्हें माल्यार्पण का आयोजन करेगी। अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बालसन चौराहे पर स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर सुबह 9 बजकर 30 बजे स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करेंगे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे इसके अलावा दोपहर दो बजे जिला पंचायत सभागार में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित पुस्तक का विमोचन एवं संगोष्ठी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जीवन पर दर्शन डालेंगे इसके अलावा प्रयागराज महानगर के द्वारा मंडल स्तर पर महापुरुषों एवं क्रांतिकारी की प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी के नेतृत्व में गांधी जयंती के अवसर पर खादी वस्त्र खरीदने के प्रति ग्राम उद्योग को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया जाएगा।


### दीवाली/छठ पर्व के अवसर पर विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये दीवाली/छठ पर्व के शुभ अवसर पर निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**गाड़ी संख्या 09013/09014 उधना-छपरा विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी संख्या - 09013 उधना - छपरा | | | गाड़ी संख्या - 09014 छपरा - उधना | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 07:00 (शनि) | उधना | 08:15 (मंगल) | ---- |
| 06:55 (रवि) | 07:00 | मानिकपुर | 09:05 | 09:10 |
| 09:00 | 09:05 | प्रयागराज छिवकी | 07:00 | 07:05 |
| 10:05 | 10:10 | मिर्जापुर | 05:30 | 05:35 (सोम) |
| 19:30 (रवि) | ---- | छपरा | ---- | 22:30 (रवि) |

गाड़ी संरचना - सामान्य श्रेणी- 02, स्लीपर श्रेणी- 12, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 03 एवं वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी- 01

**उधना से :** गाड़ी संख्या 09013, प्रत्येक शनिवार, दिनांक 05, 12, 19, 26 अक्टूबर 2024 एवं 02, 09, 16, 23, 30 नवम्बर 2024

**छपरा से :** गाड़ी संख्या 09014, प्रत्येक रविवार, दिनांक 06, 13, 20, 27 अक्टूबर 2024, 03, 10, 17, 24 नवम्बर 2024 एवं 01 दिसम्बर 2024

**गाड़ी संख्या 09457/09458 अहमदाबाद-दानापुर विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी संख्या - 09457 अहमदाबाद - दानापुर | | | गाड़ी संख्या - 09458 अहमदाबाद - दानापुर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 08:25 (रवि) | अहमदाबाद | 03:00 (बुध) | ---- |
| 01:05 | 01:10 | ग्वालियर | 08:15 | 08:20 |
| 02:00 | 02:02 | सोनी | 06:10 | 06:12 |
| 03:38 | 03:40 | इटावा | 05:12 | 05:14 |
| 05:25 | 05:30 | गोविन्दपुरी | 03:35 | 03:40 |
| 06:33 | 06:35 | फतेहपुर | 02:13 | 02:15 |
| 08:30 | 08:40 | प्रयागराज जं. | 01:05 | 01:10 (मंगल) |
| 09:40 | 09:45 | मिर्जापुर | 23:54 | 23:56 |
| 15:00 (सोम) | ---- | दानापुर | ---- | 18:10 (सोम) |

गाड़ी संरचना- सामान्य श्रेणी-04, स्लीपर श्रेणी-12 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-02

**अहमदाबाद से :** गाड़ी संख्या 09457, प्रत्येक रविवार, दिनांक 06, 13, 20, 27 अक्टूबर 2024 एवं 03, 10, 17, 24 नवम्बर 2024

**दानापुर से :** गाड़ी संख्या 09458, प्रत्येक सोमवार, दिनांक 07, 14, 21, 28 अक्टूबर 2024 एवं 04, 11, 18, 25 नवम्बर 2024

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1715/24(A)


# हिंदी भाषा ही नहीं, बल्कि संस्कृति है: उपेन्द्र जोशी

प्रयागराज। उत्त्तर मध्ध्य रेलवे मुख्ध्यालय में महाप्रबंधक उपेन्ध्द्र चन्ध्द्र जोशी द्वारा माँ सरस्ध्वती की प्रतिमा पर माल्ध्यार्पण कर तथा दीप प्रज्ध्ज्ध्वलित कर राजभाषा पखवाड़ा के मुख्ध्य समारोह का एवं पुरस्ध्कार वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। एनसीआर महाप्रबंधक उपेन्ध्द्रचन्ध्द्र जोशी ने कध्हा कि हिंदी सिर्फ एक भाषा ही नहीं, बल्कि एक संस्ध्कृति है। हिंदी उन राष्ट्रीय मूल्ध्यों की प्रतीक है, जो हमें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत से प्राप्ध्त हुए हैं। ये हमारे संविधान की मूल भावना को प्रदर्शित करते हैं। इन्ध्हीं कारणों से 14 सितंबर,1949 को हिंदी को राजभाषा का संवैधानिक दर्जा दिया गया। इस वर्ष 14 सितंबर को उस ऐतिहासिक दिन के पचहत्ध्तर वर्ष पूरे हो गए हैं, इसलिए इस साल मनाई जा रही हिंदी दिवस की हीरक जयंती के उपलक्ष्य में इस राजभाषा पखवाड़ा का अपना विशिष्ट महत्व है। देश की संपर्क भाषा और जन भाषा के रूप में हिंदी विविधता में एकता की संकल्ध्पना को परिलक्षित करती है। श्री जोशी ने कहा कि उत्ध्तर मध्ध्य रेलवे का संपूर्ण कार्यक्षेत्र साहित्ध्य और संस्ध्कृति की समृद्ध विरासत का गढ़ रहा है। यह क्षेत्र सुविख्ध्यात हिंदी साहित्ध्यकारों की जन्ध्मस्ध्थली अथवा कर्मस्ध्थली रही है और इस क्षेत्र में हिंदी समृद्ध और परिष्कृत हुई है। प्रयागराज को तो साहित्ध्य एवं संस्ध्कृति की राजधानी भी कहा जाता है। यह हम सबके लिए गौरव की बात है कि ऐसी महान कर्मभूमि से जुड़ने का सुअवसर हमें प्राप्ध्त हुआ है। सूर, तुलसी, मैथिलीशरण गुप्ध्त, महावीर प्रसाद द्विवेदी, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, सुमित्रानंदन पंत, महादेवी वर्मा और हरिवंश राय बच्ध्चन जैसे कवियों और साहित्ध्यकारों के महान योगदान एवं यश के साक्षी इस साहित्यिक अंचल में कार्य करते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का नैतिक दायित्ध्व है कि हम पूरी कर्तव्ध्य भावना के साथ अपने सभी कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें। महाप्रबंधक श्री उपेन्ध्द्र चन्ध्द्र जोशी ने कहा कि हमारी रेलवे के स्टेशन धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के प्रमुख केंद्र हैं, जहाँ बहुत बड़ी संख्या में देश–विदेश के यात्रियों का आवागमन होता है। प्रयागराज के आगामी कुंभ मेला में देश–विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को पूरी तत्ध्परता के साथ अपनी उत्ध्कृष्ध्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हमें यात्रियों को सहज और सरल हिंदी के माध्ध्यम से यात्री सुविध्धाओं की सूचना एवं सेवा उपलब्ध्ध कराकर अपनी सांस्ध्कृतिक विविधता में एकता की भावना प्रदर्शित करनी है, साथ ही इस कुंभ मेला के दौरान प्रयागराज स्थित अपने स्टेशनों पर हम देश की प्रमुख भारतीय भाषाओं में यात्री सुविध्धाओं से संबंधित सूचनाएं उपलब्ध करायेंगे। इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री सतेन्द्र कुमार ने कहा कि हमारा देश विविध भाषाओं एवं बोलियों वाला विशाल देश है। हिंदी और सभी भारतीय भाषाओं का संवैधानिक एवं राष्ट्रीय दृष्टि से विशिष्ट महत्व है। श्री सतेन्द्र कुमार ने उत्तर मध्य रेलवे में राजभाषा के प्रयोग–प्रसार के लिए किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि कंप्ध्यूटरों पर हिंदी में काम–काज बढ़ाने के लिए निरंतर हिंदी कार्यशालाए, हिंदी कुंजीयन कार्यशालाएं, हिंदी के प्रख्यात साहित्यकारों की जयंती के अवसर पर संगोष्ठियाँ, साहित्यिक कार्यक्रम, महत्वपूर्ण अवसरों के उपलक्ष्य में मुख्यालय, मंडलों और कारखानों में कवि सम्मेलन तथा काव्यपाठ एवं विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं तथा राजभाषा के प्रयोग–प्रसार के अवलोकन एवं समीक्षा के लिए राजभाषा प्रदर्शनी लगाई गई। उन्होंने बताया कि हिंदी में उत्कृष्ट कार्य के लिए उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य कार्मिक अधिकारीध्प्रशासन श्री मुदित चंद्रा और मुख्य यातायात योजना प्रबंधक श्री राजेश कुमार को रेलमंत्री राजभाषा रजत पदक से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने अपने सरस काव्य पाठ से श्रोताओं का मन मोह लिया। कवि सम्मेलन में सुप्रसिद्ध कवि एवं नवगीतकार यश मालवीय, जनकवि प्रकाश और ओज एवं राष्ट्रीय भावना के जाने–माने कवि श्री भूषण त्यागी आदि कवि उपस्थित थे। यश मालवीय ने अपने चिर परिचित विशिष्ट अंदाज और शैली में काव्यपाठ कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया, वहीं जनकवि प्रकाश ने अपनी रचना से उपस्थित श्रोताओं को अत्यंत प्रभावित किया। श्री भूषण त्यागी की भगत सिंह की चिठ्ठी नामक कविता ने जनसमूह का मनमोह लिया। इस अवसर पर विभागों में हिंदी में किए जा रहे कार्यों की आकर्षक राजभाषा प्रदर्शनी लगाई गई। राजभाषा प्रदर्शनी में सिगनल एवंदूरसंचार विभाग को सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शनी की शील्ड प्रदान की गई तथा यांत्रिक विभाग को द्वितीय और सामान्य प्रशासन विभाग को तृतीय पुरस्काार की ट्राफी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिताओं के विजेता और हिंदी में उत्ध्कृष्ध्ट कार्य करने वाले 96 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्री उपेन्द्र चंद्र जोशी ने मुख्यालय में राजभाषा पखवाड़ा प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में अपर महाप्रबंधक श्री जे.एस. लाकरा और सभी प्रमुख विभागाध्ध्यक्षों सहित बड़ी संख्ध्या में अन्ध्य वरिष्ध्ठ अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री चन्ध्द्र भूषण पाण्ध्डेय, वरिष्ध्ठ राजभाषा अधिकारी ने किया तथा उप मुख्ध्य राजभाषा अधिकारी एवं उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियरध्प्रोजेक्ट श्रीमती प्रियंका सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# रामलीला से पहले सिंहासन के लिए 'महाभारत' थाने से हाईकोर्ट तक युद्ध लड़ रहीं कमेटियां

प्रयागराज। राजपाट को त्यागने का आदर्श प्रस्तुत करने वाले प्रभु श्रीराम की लीला के मंचन को लेकर कई जगह सिंहासन के लिए 'महाभारत' छिड़ी गई है। रामलीला प्रबंध समितियों का आंतरिक युद्ध थाने से लेकर हाईकोर्ट तक जारी है। राम अपने पिता राजा दशरथ के वचन को निभाने के लिए बिना विरोध राजमहल छोड़कर 14 वर्ष के वनवास पर चले गए थे। मनाने के बावजूद नहीं लौटने पर भरत उनकी खड़ाऊं लेकर



अयोध्या लौट आए थे। उसे राजगद्दी पर विराजित कर राजकाज चलाया था। वहीं, विडंबना देखिए कि रामलीला के जरिये उनके आदर्शों को जनता तक पहुंचाने वाले खुद ही लड़ रहे हैं। फिलहाल, अब अदालत ही बताएगी कि पितृ पक्ष के बाद शुरू होने वाली रामलीला और दशहरे के मेले का आयोजन कौन करेगा। ये तीन केस तो सिर्फ बानगी हैं। 48 साल पुरानी अल्लापुर बाघंबरी क्षेत्र की रामलीला का मंचन दो अक्तूबर से शुरू होगा। आयोजन का जिम्मा बाघंबरी क्षेत्र श्री रामलीला कमेटी पर है, लेकिन प्रबंधा समिति में अध्यक्ष पद को लेकर केशवनाथ मिश्र और ओम नारायण त्रिपाठी में रार ठनी है। 2024–2025 के लिए दोनों अपनी–अपनी 21 सदस्यीय प्रबंध समिति के पंजीकरण के लिए जुलाई में सोसाइटी रजिस्ट्रार के कार्यालय में आवेदन किए थे। निबंधक ने मामला उपजिलाधिकारी, सदर को संदर्भित कर दिया। फैसला सुनाते हुए एसडीएम ने ओम नारायण त्रिपाठी की कमेटी पर मुहर लगा दी। जबकि, केशवनाथ मिश्र ने एसडीएम के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। मामला 30 सितंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। वहीं, ओम नारायण त्रिपाठी का आरोप है कि पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष केशवनाथ मिश्र की ओर से अभी तक उन्हें समिति के दस्तावेज उपलब्धा नहीं कराए गए हैं। कमेटी के खाते में मात्र 1700 रुपये मिले हैं। दो सौ साल पुरानी प्रयागराज की दारागंज रामलीला कमेटी काली नृत्य और स्वांग को लेकर दुनियाभर में मशहूर है। कमेटी को लेकर छिटपुट विवाद तो हमेशा रहा, लेकिन इस बार आंतरिक युद्ध थाने से लेकर अदालत तक पहुंच चुका है। कमेटी के महामंत्री रहे रवींद्र गिरि और अध्यक्ष राजेंद्र यादव उर्फ कुल्लू यादव के गुट के बीच कमेटी में वर्चस्व को लेकर तनातनी जारी है। रवींद्र ने कमेटी का नवीनीकरण न होने को आधार बनाकर मौजूदा कमेटी की वैधता पर सवाल खड़ा किया था। हालांकि, हाईकोर्ट ने अध्यक्ष राजेंद्र यादव उर्फ कुल्लू यादव के नेतृत्व वाली कमेटी के पक्ष में फैसला सुनाया। इसके बाद नवीनीकरण हो गया। रामलीला भी शुरू हो चुकी है। लेकिन, चुनाव को लेकर दोनों पक्षों ने एक–दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाया है। सौ साल पुरानी हाथरस की सासनी रामलीला कमेटी में चुनाव को लेकर विवाद कई वर्षों से चल रहा है। मामला पहले प्रशासनिक अधिकारियों, सोसाइटी पंजीकरण कार्यालय पहुंचा था, लेकिन अब हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। विवाद दाऊ दयाल शर्मा और सुधीर कुमार अग्रवाल के बीच वर्ष 2013–2014 में शुरू हुआ। दोनों पक्षों के विवाद में रिसीवर भी नियुक्त हुए। हालांकि, सुधीर कुमार अग्रवाल की अर्जी पर रिसीवर नियुक्ति का आदेश निरस्त हो गया। उसके बाद वर्ष 2019 में चुनाव हुआ तो सुरेश चंद्र शर्मा अध्यक्ष और कृमल कुमार वार्ष्णेय महामंत्री बने।

सुरेश शर्मा के निधन के बाद लीलाधर शर्मा की अध्यक्षता में इस वर्ष रामलीला का आयोजन हो रहा है। वहीं, कमेटी के मंत्री लोकेश शर्मा ने बताया कि रामलीला कमेटी की याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दाऊ दयाल की एसडीएम की अदालत में लंबित अर्जी को छह माह निस्तारित करने का आदेश दिया है।

## सोरांव की बेटी रेशमा का सोने पर कब्जा, इंडियन ओपन एथलेटिक्स में किया कारनामा

प्रयागराज। पटना के पाटिलपुत्र स्टेडियम में चल रही फोर्थ इंडियन ओपन अंडर–23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सोरांव की बेटी रेशमा पटेल ने वॉक रेस में सोने पर कब्जा जमाया है। 20 किलोमीटर की वॉक रेस तय करने में रेशमा को एक घंटा 44 मिनट 37 सेकंड का समय लगा। वहीं, राजस्थान की निकिता लांबा ने दूसरा और मध्य प्रदेश की प्रमिला सज्जनवार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सोरांव के नहर ददौली के तिली का पूरा की रहने वाली रेशमा (20) प्रतियोगिता में सबसे कम की खिलाड़ी थीं। रेशमा, अंतरराष्ट्रीय एथलीट और यूथ ओलंपियन इंद्रजीत पटेल की छोटी बहन है। पिता विजय बहादुर पटेल व मां निर्मला पटेल ने गांव में मिठाई बांट कर बेटी की जीत का जश्न मनाया। रेशमा वर्तमान में वाराणसी में उत्तर प्रदेश पुलिस में सेवा दे रहीं हैं। रेशमा ने 14 साल की उम्र में अंडर–16 के नेशनल रिकॉर्ड की बराबरी की और फिर इसके बाद अंडर–19, अंडर–20 का भी नेशनल रिकॉर्ड अपने नाम किया। 2019 में नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप गुंटूर में 3000 मीटर में गोल्ड मेडल, 2021 में नेशनल जूनियर एथलेटिक्स गुवाहाटी में नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसके अलावा 2021 में फेडरेशन कप में नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण व इसी वर्ष चौथी इंटरनेशनल वॉक रेसिंग रांची में भी स्वर्ण पदक रेशमा ने जीता था। पदक जीतने के बाद रेशमा ने कहा कि सफलता को हासिल करने की एकमात्र कुंजी है,

## यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के सामने चले लात-घूंसे विधायक मोना मिश्रा को संविधान सम्मान सम्मेलन के मंच से नीचे उतरना पड़ा

प्रयागराज। प्रयागराज में कांग्रेस के संविधान सम्मान सम्मेलन में मारपीट हो गई। इस दौरान मंच पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय भी मौजूद थे। उनके सामने कार्यकर्ता एक–दूसरे पर लात–घूंसे बरसाने लगे। घटनाक्रम रविवार को फूलपुर विधानसभा क्षेत्र में हुआ। दरअसल, फूलपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है। इसको लेकर कांग्रेस की ओर से संविधान सम्मान आयोजित किया गया था। टिकट की उम्मीद में कई कांग्रेस नेता समर्थकों के साथ कार्यक्रम में पहुंचे। कुछ समर्थक नारेबाजी करते हुए मंच पर चढ़ने का प्रयास करने लगे। कुछ लोगों ने जब इसका विरोध किया, तो विवाद बढ़ गया। कार्यकर्ताओं ने 2 युवकों को बुरी तरह से पीट दिया। कार्यक्रम में शामिल कुछ लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया।

कार्यक्रम में मंच के ठीक सामने कार्यकर्ता मारपीट कर रहे थे। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता असहज दिखे। माइक खुद राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने संभाल लिया। उन्होंने कहा, इस तरह की हरकत से आप जिस नेता के साथ आए हैं, उसका नुकसान कर रहे हैं। वह लगातार कार्यकर्ताओं को शांत कराते दिखे। कांग्रेस नेता संजय तिवारी ने राहुल गांधी जिंदाबाद का नारा लगाते हुए कहा कि अब कोई भी किसी और नेता का नारा नहीं लगाएगा। जो लगाएगा उसका टिकट कट जाएगा। यह सब देख कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना नाराज हो गईं। मंच से उतरकर नीचे आकर बैठ गईं। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा–संविधान का असली सम्मान तब होगा जब देश में जातिगत जनगणना होगी। सभी को संख्या के आधार पर भागीदारी सुनिश्चित होगी। हमको और आपको कांग्रेस पार्टी के सभी लोगों को गांव तक पहुंचाना होगा। लोगों को बताना होगा कि संविधान की सुरक्षा के लिए देश व प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाएं।


सम्पादक
सिद्धनाथ द्विवेदी
प्रबन्धक निदेशक
दीपक जयसवाल
सम्पादकीय कार्यालय
11ई/2, ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद



इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के आधीन होगा।


# शारदीय नवरात्रि: विंध्याचल स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम

प्रयागराज। विंध्याचल शारदीय नवरात्रि मेला में विंध्याचल स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किये हैं। विन्ध्याचल स्टेशन पर खानपान के लिए 5 कार्यरत स्टाल पहले से यात्रियों को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए विंध्याचल स्टेशन पर सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा प्राथमिक चिकित्सा केंद्र स्थापित किया जाएगा जिसमें ब्रिगेड के 30 सदस्य शिफ्ट में यात्रियों को सेवा प्रदान करेंगे। 17 जोड़ी गाड़ियों के नियमित ठहराव के साथ 11 ग्यारह जोड़ी अतिरिक्त गाड़ियों को ठहराव दिया गया है। मेला टिकट घर बनाये जा रहे है जिसमे 5 टिकट काउंटर एवं एक सहयोग काउंटर की सुविधा रहेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए पुरुषों के लिए 10 अस्थायी शौचालय एवं



10 अस्थायी स्नानघर और महिलाओं के लिए 10 अस्थायी शौचालय एवं 10 अस्थायी स्नानघर बनाये जा रहे हैं। पीने के पानी की सुविधा के रूप में 5 अस्थायी वाटर पॉइंट्स एवं 2 स्थायी वाटर बूथ बनाये गए हैं। मेला में दर्शनार्थियों के सुविधा के लिए एक अनाउंसमेंट की सुविधायुक्त खोया पाया केंद्र बनाया गया है। एनसीआर जनसम्पर्क अधिकारी प्रयागराज मंडल अमित कुमार सिंह श्रद्धालुयों के लिए बैठने के लिए यात्री शेड की सुविधा एवं वाटर प्रूफ टेंट बनाये जा रहे हैं। दर्शनार्थियों को कोई असुविधा न हो इसके लिए 16 टिकट चेकिंग स्टाफ को लगाया गया है। 5 मेला टिकट काउंटर संचालित करने के लिए 17 बुकिंग स्टाफ कार्य करेंगे। यात्रियों की सुरक्षा हेतु अतिरिक्त रेलवे सुरक्षा बल लगाए जाएंगे, सेंट जॉन एम्बुलेंस, नागरिक सुरक्षा संगठन एवं स्काउट्स गॉइड को लगाया गया है। यात्री के बीमार या तवियत खराब हो जाने पर इलाज के लिए प्राथमिक चिकित्सा केंद्र खोल जाएगा इसमें एम्बुलेन्स की सुविधा रहेगी। सिविल प्रशासन द्वारा मोबाइल टॉयलेट लगाए जाएंगे। रेन बसेरा में रेलवे द्वारा गाड़ियों की सूचना उप्लबध कराई जाएगी


### उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या-17/2024 — दिनांक-26.09.2024

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मंडल सामग्री प्रबन्धक, उ0म0रे0, प्रयागराज निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदा आमंत्रित करते हैं।

| निविदा संख्या | विवरण | मात्रा | ई.म.डी. ₹ |
|---|---|---|---|
| 19247171 | रेल प्रोफाइल मीसिरिंग इक्यूपमेंट मीनिप्रोफ | 5 सेट | ₹ 2,81,550/- |

निविदा खुलने की तिथि :24.10.2024

नोट- 1. उपरोक्त सभी ई -प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 2. उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप मे बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I. T. Act 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class III Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय भार अन्य किसी भी फार्म / लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 4. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिये। उपरोक्त निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट https://www.ncr.indianrailways.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 1722/24(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सिद्धनाथ द्विवेदी द्वारा काम्पीटेंट बिजनेस सर्विसेज विष्णु पदम कुटीर 115डी/2ई लूकरगंज, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 399 कृष्णानगर कीडगंज से प्रकाशित।
सम्पादक–सिद्धनाथ द्विवेदी, आरएनआई नं. UPHIN/2007/22706 रजि.नं. AD-32/2008-09 ईमेल: amritkt.alld@gmail.com फोन नं. : 9453273951, 8799627062